डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/4-233/2020-22

राष्ट्रीय हिन्दी मेल 28वाँ वर्ष
पांच संस्करणों में एक साथ प्रकाशित

इंद्रप्रस्थ पृथ्विजय प्रकाशन

# राष्ट्रीय हिन्दी मेल

न दबाव, न भेदभाव

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रायपुर और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-21 अंक -273 | www rashtriyahindimail.in | इंदौर, गुरुवार, 27 जून 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य पांच रुपये

2 सांसद लालवानी के प्रयासों से इंदौर को मिलेगा..
5 वीसी के माध्यम से खंडवा विधायक ने मुख्यमंत्री...
6 सोनुद में अतिक्रमण की जमीन पर चल रही..

## ओम बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बने

# आपातकाल इतिहास का काला धब्बा

## कांग्रेस ने संविधान की भावना को कुचला, इमरजेंसी पर बरसे ओम बिरला

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल, नई दिल्ली।**

बिरला लगातार दूसरी बार लोकसभा के स्पीकर चुने गए। बुधवार, को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रोटेम स्पीकर भतृर्हरि महताब ने स्पीकर के चुनाव की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत एनडीए के नेताओं ने समर्थन किया। सदन में ध्वनिमत से बिरला के नाम का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद पीएम मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी उन्हें चेयर तक छोड़ने आए। इससे पहले शिवसेना (यूटीबी) सांसद अरविंद सावंत ने कांग्रेस सांसद के. सुरेश को लोकसभा अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव रखा। सदन की कार्यवाही ढाई घंटे (सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक) चली।बिरला ने पहले भाषण में आपातकाल को काला धब्बा बताया। 2 मिनट का मौन रखवाया। सत्ता पक्ष ने मौन रखा, लेकिन विपक्ष ने हंगामा किया और कहा- स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं। सत्र 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण तक स्थगित कर दिया गया।मंत्रिमंडल के परिचय के दौरान जैसे ही पीएम मोदी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम लिया, विपक्ष के सांसदों ने शेम-शेम के नारे लगाए। -शेष पेज 7 पर



### स्पीकर ने आपातकाल की निंदा की, पक्ष-विपक्ष ने नारेबाजी की

ओम बिरला ने कहा- यह सदन 1975 में आपातकाल लगाने की निंदा करता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर अंबेडकर के संविधान का अपमान किया था। इंदिरा गांधी ने भारत पर तानाशाही थोपकर लोकतंत्र का अपमान किया गया। अभिव्यक्ति की आजादी छीनी गई। मीडिया पर अनेक पाबंदियां लगा दी गई थी। कई नेताओं को मीसा के तहत बंद किया। जैसे ही स्पीकर ने निंदा प्रस्ताव रखा, पक्ष और विपक्ष से नारेबाजी शुरू हो गई।

### लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति दोनों राजस्थान से

बिरला भाजपा के पहले ऐसे सांसद हैं, जो लगातार दूसरी बार स्पीकर बने। वे राजस्थान के कोटा से तीसरी बार जीत कर आए हैं। खास बात यह है कि देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ भी राजस्थान से आते हैं। स्पीकर ओम बिरला इमरजेंसी के दौरान जान गंवाने वालों की याद में दो मिनट का मौन रखने को कहा। सत्ता पक्ष के सांसदों ने मौन रखा, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष के सांसद हंगामा करते रहे। कांग्रेस सांसदों का आरोप था कि स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं। मौन के बाद स्पीकर ने गुरुवार तक के लिए संसद को स्थगित कर दिया।

## मध्य प्रदेश सरकार तीन जुलाई को पेश करेगी बजट, साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए के होने का अनुमान

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल, भोपाल।**

**मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 1 जुलाई से शुरू होगा। इस सत्र में डॉ. मोहन यादव सरकार वर्ष 2024-25 के लिए तीन जुलाई को बजट पेश करेगी। यह बजट साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक का होने का अनुमान है। इसमें प्रदेश सरकार की तरफ से की संचालित योजनाओं के लिए बजट प्रावधान किए जाएंगे। बजट को लेकर सरकार ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है।**

विधानसभा सचिवालय ने 19 जुलाई तक चलने वाले सत्र के लिए कार्यवाही विधेयक पेश करने और प्रश्नोत्तर काल के समय की सूची विधायकों के लिए जारी कर दी है। सत्र के पहले दिन और दूसरे दिन प्रश्नोत्तर काल के बाद शासकीय कार्य होंगे। जिसमें विधेयक पेश किए जाएंगे। इसके बाद 3 जुलाई को एमपी सरकार का बजट पेश होगा। इसमें वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा वर्ष 2024-25 के आय व्यय का लेखा जोखा पेश करेंगे। सचिवालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन की जानकारी सदन के पटल पर सुबह 11.05 बजे रखी जाएगी। चार और पांच जुलाई को प्रश्नोत्तर काल के बाद बजट पर चर्चा होगी। साथ ही पांच जुलाई को ही अशासकीय संकल्प और विधेयक पेश किए जाएंगे। इसके बाद दो दिन अवकाश के बाद 8 जुलाई को प्रश्नोत्तर काल के बाद विभागीय मांगों पर मतदान कराया जाएगा और यह प्रक्रिया 12 जुलाई तक चलेगी। 12 जुलाई कोही अशासकीय संकल्प और विधेयक सदन में पेश किए जाएंगे। इसके बाद 13 और 14 जुलाई को विधानसभा का अवकाश रहेगा।

### गलत तरीके से सिम खरीदी तो 50 लाख जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश में 26 जून से नया टेलिकम्युनिकेशन एक्ट 2023 लागू हो गया है। अब भारत का कोई भी नागरिक जिंदगी भर 9 से ज्यादा सिम कार्ड नहीं ले सकेगा। अगर इससे ज्यादा सिम खरीदता है तो जुर्माना लगेगा। गलत तरीकों से सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक का जुर्माना लगेगा। नया कानून सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से किसी भी टेलिकॉम सर्विस या नेटवर्क और मैनेजमेंट को टेक ओवर करने या उसे सस्पेंड करने की अनुमति देता है। युद्ध जैसी स्थिति में जरूरत पड़ने पर सरकार टेलिकॉम नेटवर्क पर मैसेजेज को इंटरसेप्ट कर सकेगी।

## राहुल गांधी को सुल्तानपुर कोर्ट में पेश होने का आदेश

### मानहानि केस में 2 जुलाई को बुलाया; शाह को हत्या का आरोपी कहा था

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल, नई दिल्ली।**

सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अमित शाह हेट स्पीच केस में 2 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान जज ने राहुल के वकील से पूछा कि वह कहां हैं? वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि लोकसभा में स्पीकर पद का चुनाव है। इसलिए वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने राहुल को 2 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश दिया है।

8 मई 2018 को बेंगलुरु में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह को हत्या का आरोपी कहा था। इसी के खिलाफ सुल्तानपुर के भाजपा नेता ने मानहानि का केस दर्ज कराया था। इससे पहले इसी साल राहुल गांधी 20 फरवरी को कोर्ट में पेश हुए थे। राहुल ने 20 फरवरी 2024 को सुल्तानपुर कोर्ट पहुंचकर सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो बॉन्ड पर जमानत दी थी। इसके बाद पहली तारीख 2 मार्च को लगी थी। इसके बाद 13 मार्च, 22 मार्च, 2 अप्रैल, 12 अप्रैल, 22 अप्रैल, 2 मई, 14 मई, 27 मई, 7 जून, 18 जून और 26 जून। लेकिन राहुल नहीं पहुंचे। -शेष पेज 7 पर

### केजरीवाल को तीन दिन की CBI रिमांड पर भेजा

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने आप सुप्रीमो को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। अब उन्हें 29 जून को शाम 7 बजे अदालत में पेश किया जाएगा। जांच एजेंसी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी पर यह आदेश पारित किया। जांच एजेंसी ने अदालत से अनुमति मिलने के बाद बुधवार को केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया।

## लाड़ली बहना के लिए कर्ज नहीं लेना पड़ेगा यदि मोहन सरकार 2500 एकड़ भू-खण्ड बीएचईएल से वापस ले ले ...

*मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विरासत में डॉ. मोहन यादव के लिए, जिस भारतीय जनता पार्टी की सरकार को 4 लाख करोड़ से अधिक के कर्जे में छोड़ कर दिल्ली में चेन से सौ रहे हैं, उन्हें अब यह समझना होगा कि, मध्यप्रदेश की 9 करोड़ जनता इसकी भरपाई कैसे करेगी। बता दें कि, शिवराज मामा के द्वारा लाई गई लाड़ली बहना योजना को पूरा करने के लिए, मध्यप्रदेश को प्रति माह कम से कम 1500 करोड़ रूपये का कर्ज लेना ही होगा। खैर भाजपा राजनीति में मध्यप्रदेश के सबसे बड़े पंडित माने जाने वाले आज के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रास्ता ढूंढ लिया है कि, अब मध्यप्रदेश को किसी भी योजना के लिए कर्ज लेने की जरूरत नहीं है क्योंकि उन्होंने कल अपने मंत्रिमंडल सभी साथियों से कह दिया है कि, इन्कम टेक्स स्वयं ही भरो, आमदनी अठन्नी और खर्चा रूपय्या वाला फॉर्मूला तुरंत छोड दो और रास्ता निकालों की कर्ज से कैसे बचा जाए। सूत्रों के अनुसार मध्यप्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने सलाह दी है कि, 1956 में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स भोपाल को बेहतर और सुविधायुक्त नई टॉऊनशिप के निर्माण के लिए मोखिक रूप से 6500 एकड़ जमीन दे दी गई थी , लेकिन राज्य सरकार के द्वारा कोई आवंटन आदेश आज भी भेल के पास उपलब्ध नहीं है। **राष्ट्रीय हिन्दी मेल** की पड़ताल से यह पता चला है कि, बीएचईएल इलाके में 2500 एकड़ भू-खण्ड आज भी खाली पड़ी हुई है, जिसमें बॉम्बे, दिल्ली, चेन्नई, चंडीगढ़ और बैंगलूरू की तर्ज पर वर्टीकल आवासीय भवनों का निर्माण किया जा सकता है। सूत्र बताते है कि, श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि, यह उनके विधानसभा क्षेत्र के सीमित क्षेत्र का ही मामला है, जिसमें यदि सरकार भेल से अपनी जमीन वापस ले ले तो 2 लाख करोड़ का राजस्व अकेले 2500 एकड़ भू-खण्ड से ही प्राप्त हो जाएगा। इसलिए इस विशेष रिपोर्ट का लब्बोलुआब यह है कि, यदि राज्य सरकार बीएचईएल की 2500 एकड़ शासकीय भूमि को वापस ले ले, क्योंकि भेल के पक्ष राज्य सरकार का आज तक कोई आवंटन आदेश है ही नहीं, तो स्वाभाविक है कि, उस जमीन का सरकार विका स करने में पीछ नहीं रहेगी। ऐसी स्थिति में डॉ. मोहन सरकार ने मंत्री कृष्णा गौर का यह सुझाव पूरे मध्यप्रदेश में नीतिगत रूप से लागू कर दिया जाए तो लाड़ली बहना योजना हो या कोई भी फ्री की रेवड़ी वाली योजना हो, डॉ. मोहन सरकार को कर्ज से मुक्ति मिल जाए तो चौंकिएगा मत।*



**विशेष रिपोर्ट**
**विजय कुमार दास**
**मो. 9617565371**



विशेष रिपोर्ट के लेखक इस पत्र समूह के प्रधान संपादक हैं।

### इंजमाम का आरोप-इंडिया ने बॉल टेम्परिंग की अर्शदीप नई गेंद से रिवर्स स्विंग करा रहे थे

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम उल हक के बॉल टैम्परिंग के आरोप पर कहा है कि यहां बहुत गर्मी है, इसलिए बॉल रिवर्स स्विंग हो रही है। हमारी ही नहीं सारी टीमों की बॉल रिवर्स स्विंग हो रही है। हम आस्ट्रेलिया या न्यूजीलैंड में नहीं खेल रहे हैं। हमें परिस्थिति भी देखनी होती है। मैं बस इतना ही कहूंगा कि दिमाग खोलो अपना। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने इंडिया पर बॉल टेम्परिंग का आरोप लगाकर नई बहस शुरू कर दी है।पाकिस्तानी न्यूज चैनल पर एक शो के दौरान वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया और इंडिया के मैच पर चर्चा चल रही थी। इस शो में इंजमाम ने कहा कि टीम इंडिया ने गेंद पर कुछ खास मेहनत की थी।

### बड़े-बड़े लोगों की बातें

## वन विभाग की दादागिरी से निपटने सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे राणा दंपति

मध्यप्रदेश की मुख्य सचिव 1988 बैंच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तथा पुलिस महानिदेशक के पद के समकक्ष कार्य करने के बाद रिटायर हो चुके वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दंपत्ति ने बकायदा राजधानी भोपाल में राज्य सरकार से अनुमति लेकर अपने स्वयं के आवास के लिए, 10,000 वर्ग फीट का भू-खण्ड खरीदा है। उक्त भू-खण्ड को वन विभाग ने बिना जांच पड़ताल किए शासकीय भूमि बताते हुए, उन्हें एक नोटिस जारी कर दिया है। '**राष्ट्रीय हिन्दी मेल**' से दूरभाष पर चर्चा करते हुए, उपरोक्त आईपीएस अधिकारी संजय राणा ने बताया कि, जिस भूमि को वन विभाग शासकीय बताकर भ्रम फैला रहा है, वह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि, उपरोक्त 10,000 वर्ग फीट भू-खण्ड को राणा दंपत्ति ने बकायदा सरकार से अनुमति लेकर पंजीकृत कराया है, जिसका दस्तावेज उनके पास मौजूद है। रहा सवाल वन विभाग की दादागिरी का तो, इस सवाल के उत्तर में संजय राणा ने कहा कि, वे अपनी हार्ड मनी से खरीदी हुई संपत्ति को जाया नहीं होने देंगे, जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। राष्ट्रीय हिन्दी मेल द्वारा कल इसी स्थान पर मुख्य सचिव वीरा राणा और उनके पति संजय राणा की उपरोक्त भूमि को लेकर यह लिखा गया था कि, वन विभाग ने उक्त 10,000 वर्ग फीट भू-खण्ड पर अपना अधिकार जताने के लिए नोटिस जारी कर दी है, जिसकी वजह से राणा दंपत्ति तनाव पर है, जबकि सच यही है कि, राणा दंपत्ति ने बकायदा सरकार से अनुमति लेकर उक्त 10,000 वर्ग फीट भू-खण्ड को अपने स्वयं के आवास निर्माण हेतु क्रय किया है। ऐसी स्थिति में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी यदि वन विभाग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने के लिए तैयार है तो, इसमें गलत कुछ भी नहीं है...। **खबरची**



## 51 लाख पौधे रोपने की तैयारी...



इंदौर में 51 लाख पौधे रोपने के अभियान के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां हो रही है। अब तक शहर में 15 लाख से ज्यादा ग` किए जा चुके है। सबसे ज्यादा पौधे बीएसएफ टेकरी पर रौपे जाएंगे। वहां दो लाख से ज्यादा ग` किए जा चुके है। 7 जुलाई से शुरू होने वाले अभियान के लिए 15 ट्रक चेन्नईई से इंदौर के लिए रवाना हो चुके है। डेढ़ लाख से ज्यादा पौधे वहां से मंगाए गए है।

## शहडोल कलेक्टर का कड़ा रुख

### तीन लापरवाह पटवारी निलंबित, एक तहसीलदार और दो नायब तहसीलदारों को थमाया नोटिस

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल, शहडोल।**



शहडोल में राजस्व प्रकरण के निराकरण में उदासीनता बरतने पर जिले के एक तहसीलदार और दो नायब तहसीलदारों को जहां कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं, तीन लापरवाह पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि इनमें ब्यौहारी तहसील के पटवारी रामदिन सिंह, पटवारी गोहपारू गजराज सिंह और पटवारी प्रिया पटेल शामिल हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में तहसीलदार गोहपारू लक्ष्मण पटेल एवं प्रभारी नायब तहसीलदार ब्यौहारी शिवकुमार सिंह, नायब तहसीलदार गोहपारू रामकिशोर पदमाकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें उल्लेखित किया गया है कि राजस्व प्रकरण अन्तर्गत जिले में नक्शा तरमीम कार्य की प्रगति समय ई-केवायसी एवं पीएम किसान योजना से संबंधित कार्य कराये जाने के उद्देश्य से विशेष राजस्व अभियान गत माह एक मई 2024 से 25 मई 2024 तक प्रचलित था, जिसमें इनके द्वारा गंभीर...शेष पेज 7 पर

## मुख्यमंत्री निवास पर लोकतंत्र सेनानी प्रादेशिक सम्मेलन का आयोजन

# सीएम का ऐलान-स्कूलों में पढ़ाएंगे मीसाबंदियों के संघर्ष की गाथा

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल, भोपाल।**

मुख्यमंत्री निवास पर बुधवार को लोकतंत्र सेनानी प्रादेशिक सम्मेलन का का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने दीप प्रज्वलित कर तथा भारत माता ,नानाजी देशमुख और जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मेलन वंदे मातरम गान के साथ प्रारंभ हुआ। सीएम ने कार्यक्रम में शामिल हुए लोकतंत्र सेनानियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कई बड़ी घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने एलान किया कि स्कूलों में आपतकाल का संघर्ष पढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबका फर्ज बनता है कि उस काल को भविष्य की पीढ़ी से भी परिचित कराया जाए ओर उनके संघर्ष को नमन किया जाए।



**सर्किट हाउस में 50 प्रतिशत रियायत पर आवास सुविधा-** मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को राज्य के सर्किट हाउस में 50 प्रतिशत रियायत पर आवास सुविधा तीन दिन तक मिलेगी। शेष रह गए सेनानियों का सम्मान स्वरूप..शेष पेज 7 पर

### एयर टैक्सी में 25 प्रतिशत की मिलेगी छूट

उनको इलाज के लिए बड़े अस्पताल या अन्य महानगर जाने के लिए एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। गंभीर रोग अथवा गंभीर रूप से हुई स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में यह सुविधा दी जाएगी। प्रदेश के दूरस्त नगरों तक संचालित एयर टैक्सी सुविधा में 25 प्रतिशत की रियायत प्रदान की जाएगी। स्वतंत्रता सेनानियों की तरह सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार की व्यवस्था होगी। पूर्व में आठ हजार रुपए की राशि दी जाती थी। अब यह राशि 10 हजार होगी। मीसा बंदियों के बच्चों/ परिजन को विभिन्न उद्योग और निवेश की योजनाओं से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

»न्यूज ब्रीफ



## गो सेवा समिति ग्रुप के सदस्यों ने गौशाला जाकर गो ग्रास सेवा की

इंदौर। शहर में गौ माता के प्रति अपनी विशेष श्रद्धा रखने वाली विगत कुछ वर्षों से प्रत्येक माह की पूर्णिमा तिथि एवं अमावस्या तिथि पर शहर की विभिन्न गौशालाओं में जाकर गौ माता को पौष्टिक आहार हरी मक्का की घास चापड़ कपास या खली सेंधा नमक गुड इत्यादि । सामग्री के साथ गौ ग्रास सेवा इंदौर शहर के पश्चिम क्षेत्र पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर गौशाला लक्ष्मण दास आश्रम पर जाकर सभी सदस्यों ने की ।

इस अवसर पर ग्रुप के विद्वान पंडित जी के सानिध्य में मंत्रो चार के साथ सभी सदस्यों ने सेवा कार्य के बाद पूज्य गौ माता की पूजा की एवं आरती का प्रसाद वितरण कियागया । यह जानकारी गौ सेवा समिति ग्रुप के प्रमुख सदस्य श्री विजय शारदा श्याम श्री चंद्रशेखर नीमा एवं विष्णु गुप्ता ने देते हुए बताया कि आज की हमारी इस गो सेवा में समिति के श्री नंदकिशोर जी लाहोटी श्री सुभाष अजमेरा श्री प्रदीप फंड से श्री बी एल तिवारी श्री जगदीश बंसल श्री श्री ओमप्रकाश तिवारी श्री राजेंद्र नीमा श्री विजय शारदाश्री विष्णु गुप्ताश्री चंद्रशेखर नीमा श्री जनार्दन गिरगुने श्री मनोज नेमा श्रीमती प्रोफेसरश्रीमती गीता महेश्वरी श्री मनोहर लाल लड्ढा श्रीमती उर्मिला लड्ढा श्री श्री मुकेश ठाकुर श्रीमती ठाकुर श्री अजय महेश्वरी श्री मनोज नीमा, श्री राजेंद्र नीमा श्री श्रीमती उमा नीमा, श्री प्रकाश चंद्र नीमा श्रीमती शकुंतला नीमा श्रीमती रश्मि ठाकुरश्री श्री किशन तिवारी श्री सुरेश नीमा श्री अमृतलाल जी माटे श्री मनोहर लाल जी नीमा श्री प्रहलाद जी नीमा श्री द्वारका दास पोरवाल आदि सदस्य गण उपस्थित थे ।

## इंदौर में पहला सेलिब्रिटी शेफ रेस्तरां



इंदौर। करिगरी, जो भारत में उत्तर भारतीय भोजन का अग्रणी ब्रांड है, गर्व से विजय नगर, इंदौर में अपने दसवें आउटलेट के भव्य उद्घाटन की घोषणा करता है। लॉन्च इवेंट 27 जून 2024 को शाम 7 बजे से हुआ और इसमें इंदौर की 250 से अधिक प्रभावशाली हस्तियों ने भाग लिया, जिससे यह एक यादगार शाम बन गई।

भव्य उद्घाटन के मौके पर करिगरी के पीछे के रचनात्मक ताकतवर और प्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ, शेफ हरपाल सिंह सोखी की उपस्थिति भी थी। अपने स्वादिष्ट भोजन और प्रत्येक व्यंजन के पीछे की अनूठी कहानियों के लिए जाने जाने वाले करिगरी ने पाक कला की दुनिया में एक प्रिय नाम बना लिया है। इस शाम को और भी भव्य बनाने के लिए, फ्यूटोमिक ग्रुप के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी श्री योगेश शर्मा और श्री मनीष शर्मा भी इस उपलब्धि को बड़ी उत्सुकता और गर्व के साथ मनाने के लिए शामिल हुए।

इस शाम की एक प्रमुख विशेषता शेफ परेडज थी जिसमें सभी प्रतिभाशाली शेफ जिन्हें करिगर कहा जाता है, ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और अपनी कला का जश्न मनाया। यह परेड उन शेफ के लिए एक दिल से निकला आदर था जिन्होंने अपनी पाक विरासत और कला को अपनाया।

इकाई देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में शीघ्र होगी स्थापित

# सांसद लालवानी के प्रयासों से इंदौर को मिलेगा आयुष मंत्रालय भारत सरकार का रिसर्च सेंटर

**राष्ट्रीय हिंदी मेल इंदौर।**

सांसद शंकर लालवानी ने केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव (स्वतंत्र प्रभार) से नई दिल्ली में मिलकर बधाई दी। साथ ही देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के तक्षशिला परिसर खंडवा रोड इंदौर पर केंद्रीय होम्योपैथी अनुसन्धान परिषद आयुष मंत्रालय की इकाई (यूनिट) स्थापित करने हेतु आग्रह किया। सांसद श्री लालवानी ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव का पत्र भी अपने लेटर के साथ संलग्न किया। उल्लेखनीय है कि इंदौर सांसद शहर की जनता के स्वास्थ्य



के प्रति काफी जागरूक हैं, कोरोना काल में भी सक्रिय रहते हुए, आपने ऑर्गन डोनेशन तथा बोनमैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा शहर को दिलाने में महती भूमिका निभाई है। सांसद शंकर लालवानी का मानना है कि रिसर्च सेण्टर स्थापित होने से सिकल सेल की बीमारी, थैलेसेमिया, अप्लास्टिक एनीमिया, गठिया, अस्थमा तथा ऑटो इम्मून डिस्सॉर्डस सहित अनेको असाध्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। इंदौर में रिसर्च सेण्टर स्थापित होने से आसपास के जिले जैसे धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, उज्जैन, रतलाम तथा मंदसौर आदि के मरीजों के साथसाथ सम्पूर्ण मध्यप्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान तथा गुजरात के मरीजों को भी इस केंद्र का समुचित लाभ मिल सकेगा।

## एजुकेशन अभियान के तहत रालामण्डल में बनवाये 4 अत्याधुनिक क्लासरूम



**इंदौर।** राउंड टेबल इंडिया के शिक्षक अभियान च्फ्रीडम थ्रू एजुकेशनज्ज के तहत इंदौर के शासकीय माध्यमिक विधालय रालामंडल में 4 क्लासरूम का निर्माण किया गया, ये सभी क्लासेज़ आधुनिक है और इन्हें बनाने की लागत 34 लाख आयी है। इंदौर इल्युमिनेटी राउंड टेबल 296 के चेयरमैन संकेत अग्रवाल ने बताया कि पिछले साल हमने वहाँ 6 क्लासरूम बनाये थे जिससे 600 बच्चो के एडमिशन बढे है और इस वर्ष हमने 4 क्लासरूम बनाये जिससे 400 नए बच्चो के एडमिशन का अनुमान है। इन क्लासरूम का उद्घाटन सारे मेंबर्स और उनके पैरेंट्स की मोजूदगी में इंदौर के मेयर श्री पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा किया गया।

## अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा महिला मंडल का आयोजन



अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा एवं महिला मंडल की मेजबानी में आगामी माह में हरियाली बचाओपौधे लगाओ अभियान के तहत शहर के प्रमुख मंदिरों में पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधारोपण करने के साथ ही सभी मातृशक्तियों को पेड़ बनाने की शपथ भी इस दौरान दिलाई जाएगी। अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा एवं महिला मंडल इन्दौर ईकाई द्वारा बैठकों का दौर जारी है। गुरूवार को बैठक के दौरान सभी ने अपने विचार व प्रस्ताव रखे। वहीं शहर के प्रमुख मंदिरों में फलदार व छायादार पौधे लगाने पर सहमति बनी। अभा राठौर क्षत्रिय महासभा व इन्दौर ईकाई महिला मंडल उपाध्यक्ष ललिता मुकेश राठौर का समाजसेवा के क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने सम्मान भी किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मालती डागोर, गिरिजा राठौर, सरोज राठौर, संगीता देवड़ा, संगीता राठौर, अनीता राठौर, मंजूश्री बोड़ाने, अर्चना राठौर सहित महिला मंडल की पदाधिकारी मौजूद थी।

# इन्दौर की धरा होगी पावन, दो महामुनिराज चार माह तक करेंगे प्रवचनों की अमृत वर्षा

**राष्ट्रीय हिंदी मेल इंदौर।**

आचार्य विद्यासागर जी महाराज एवं पूज्य आचार्य समय सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री विनम्र सागर एवं प्रणाम सागर महाराज का चातुर्मास इस वर्ष मां अहिल्या की नगरी इन्दौर शहर में होने जा रहा है। शहर में दो मुनिराज के चातुर्मास एक साथएक ही स्थान पर होने से समग्र जैन समाज में उत्साह का माहौल बना हुआ है। दोनों ही मुनिराज की अगवानी के लिए पदाधिकारियों ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। मंगलवार को राणीसती गेट स्थित संतोष सभागृह में आयोजित हुई बैठक में समग्र जैन समाज एकजुट नजर आया और उन्होंने दिगंबर जैन समाज के दोनों ही मुनिराज का चातुर्मास इन्दौर में भव्य स्तर पर आयोजित करने के लिए रूपरेखा भी तैयार की। मुनिराज के चातुर्मास किनकिन स्थानों पर होंगे इसके लिए भी समग्र जैन







समाज के समक्ष विचारविमर्श किया गया। चातुर्मास समिति प्रमुख सचिन जैन (उद्योगपति), प्रचार प्रमुख राहुल जैन (स्पोर्ट्स वर्ल्ड) एवं मनीष नायक ने बताया कि सकल दिगंबर जैन समाज एवं दयोदय चेरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट की मेजबानी में आयोजित हुई बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार रखें साथ ही दोनों ही मुनिराज का चातुर्मास इन्दौर की धरा पर धूमधाम से करने की सहमति बनी। बैठक के दौरान सभी समाज बंधुओं ने अपने विचार व प्रस्ताव रखते हुए मुनिराज का चातुर्मास दलालबाग, उदय नगर एवं तिलक नगर में करने की बात रखी। वहीं इसके साथ ही बैठक में सभी ने एक मत होकर कहा कि मुनिश्री विनम्र सागर एवं प्रणाम सागर महाराज का चातुर्मास प्रवेश इन्दौर की धरा पर एक साथ हो इसमें दिगंबर जैन समाज की एकता दिखेगी। दोनों ही मुनिराज का इन्दौर में एक साथ चातुर्मास प्रवेश हो इसके लिए 30 जून को एक प्रतिनिधि मंडल विनम्र सागर एवं प्रणाम सागर महाराज से भेंट कर उन्हें इन्दौर में एक साथ चातुर्मास प्रवेश करने की विनती करेगा। इसी के साथ चातुर्मास समिति का अलग से गठन करने की बात भी रखी गई। दोनों ही मुनिराज के चातुर्मास को शहर में भव्य स्तर पर आयोजित करने के लिए सभी पदाधिकारियों को दिशानिर्देशों के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। बैठक के दौरान अशोक बडज़ात्या (राष्ट्रीय अध्यक्ष), राजकुमार पंड्या, हंसमुख गांधी, अनिल जैनको, प्रदीप बडज़ात्या, राकेश सिंघई, सतीश डबडेरा, मनीष नायक, मनोज बाकलीवाल, आलोक बंडा, शिरीष अजमेरा, प्रकाश शास्त्री, आनंद जैन, प्रदीप जैन, रितेश जैन, अमित जैन, भरतेश बडकुल, प्रमोद जैन, सोनू जैन, नानू भाई, शरद शास्त्री, आशीष जैन, राजेंद्र वास्तु, मनोज उत्कर्ष जैन, अजीत जैन, डिंपल जैन, प्रजेश जैन, राजेश लारेल, अशोक डोसी, सुनील बिलाला, आनंद गोधा, नवीन गोधा, पंकज जैन, धर्मेंद्र जैन (सिनकेम), कैलाश लुहाडिया, डीके जैन, कमल चेलेंजर, राजेश रालेल, कैलाशचंद्र नेताजी सहित बड़ी संख्या में समग्र जैन समाज बंधु उपस्थित थे।

# राठी न्यास नई सुविधाओं का विस्तार होगा

**राष्ट्रीय हिंदी मेल इंदौर।**

नंदगांव, पीपल्याहाना में भागीरथ रामविलास राठी पारमार्थिक न्यास द्वारा संचालित स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा केन्द्र ने पिछले दो वर्षों में ग्राम पीपल्याहाना, नंदगाव, निधिवन, शर्मा एनक्लेव, तिलक नगर, गोयल नगर, गिरधर नगर, स्वर्ण वाटिका, पायल वाटिका, गीता नगर, सांईनाथ कालोनी, बख्तावरराम नगर जैसे क्षेत्रों की 25 बस्तियों में निरंतर निशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का अभियान चला रखा है। सेवा केन्द्र की स्थापना के दो वर्ष पूरे होने पर अल्ट्रासाउंड मशीन द्वारा बढ़ी हुई शुगर से होने वाले दुष्परिणामों से लोगों को बचाने के लिए प्रतिदिन 15 मिनट के समय में स्वेदन एवं मसाज पद्धति से उपचार प्रारंभ किया गया है, जिसका लाभ अब तक 600 से अधिक मरीजों ने उठाया है। ट्रस्ट के प्रमुख रामविलास राठी ने बताया कि क्षेत्र के रहवासियों, विशेषकर गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की जरूरतों को देखते हुए अस्पताल के चिकित्सक डॉ. आर.जी. देशमुख, दंत चिकित्सक डॉ. राहुल कुलकर्णी, डॉ. अशोक दुबे एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा यहां सर्दीजुकाम, उल्टीदस्त, चर्म रोग, कमजोरी, कब्जियत ,रक्तचाप, मधुमेह एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया है। अस्पताल का समय भी रविवार छोड़ कर प्रतिदिन 11 से शाम 5 बजे तक कर दिया गया है। केन्द्र के माध्यम से अनेक जरूरतमंद मरीजों के मोतियाबिंद के आपरेशन भी नाममात्र के शुल्क पर शहर के प्रमुख नेत्र चिकित्सालयों में कराए जा रहे हैं । फिलहाल शुगर के मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए अल्ट्रा साउंड मशीन के उपयोग से अनेक मरीजों ने लाभ उठाया है।



# विद्यासागर सोशल ग्रुप ने आयोजित की पुल पार्टी

**इंदौर। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर ने फनलैंड एडवेंचर पार्क , धार रोड पर अपने 152 सदस्यों / मेहमानों के साथ आयोजित की पुल पार्टी । पार्क की विशेषता यह थी , कि यहां पर इसका अपना स्वयं का जंगल, झील, स्विमिंग पूल , रेन डांस , ट्रैकिंग के साथ ही 46 प्रकार की अन्य गतिविधियां थी। विद्यासागर सोशल ग्रुप के अध्यक्ष सतीश जैन एवं सचिव अरविंद जैन सर ने बताया कि ग्रुप के सदस्य / मेहमान सुबह 9:30 बजे फनलैंड पार्क में पहुंच गए थे ।**

सदस्यों का गेट पर स्वागत करने के पश्चात उन्हें सुस्वादु स्वल्पाहार कराया गया। तत्पश्चात स्विमिंग के बाद रेन डांस का भी सदस्यों ने खूब आनंद लिया।



## जल का अपव्यय न करने और सहेजने का लिया संकल्प

यहां बने घने जंगलों में जिप लाइनिंग से लेकर ऊंचे पहाड़ की चट्टानों पर चढ़ने का कुछ अलग ही आनंद था। सदस्यों को यहां प्रकृति के बीच मौज मस्ती का यादगार अनुभव मिला।*

*दोपहर 2:00 बजे ग्रुप की सभा हुई , जिसमें जल का अपव्यय ना कर इसे सहेजने का सभी ने संकल्प लिया। कुछ सदस्यों ने शोले(शुद्ध व सात्विक) भोजन किया , जिसकी व्यवस्था श्रीमती अनीता जैन व संगीता जैन ने की। आज ग्रुप के अध्यक्ष सतीश जैन (इला बैंक) सरिता जैन, कार्याध्यक्ष सुनील अनीता जैन, सचिव अरविंद वंदना जैन, कोषाध्यक्षराजेंद्र रविता जैन, संरक्षक अशोक रश्मि जैन, मनोज ममता जैन अशोक सपना जैन, परामर्शदाता राकेश सपना सिंघई, जिनेंद्र अर्चना जैन के साथ ही प्रकाश सुनीता जैन, अतुल सुनीता जैन , संजीव ज्योति जैन, ओम प्रकाश मालती जैन , राकेश ज्योति जैन, जयकुमार सुनीता सतभैया , डॉक्टर राहुल अभिलाषा जैन , रमेश शालिनी जैन , संगीता अशोक जैन, तनवीश अनीता जैन, संजय सुषमा जैन, मयूरी राजीव जैन , अंजलि निकलंक जैन,अभय रत्ना जैन, राजीव रचना जैन, शशि के एल जैन , सरिता रविंद्र जैन , नवीन ज्योति जैन, उषा नरेंद्र सिंघई के साथ ही ग्रुप के अन्य सदस्य व मेहमान मौजूद थे।

अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के तत्वावधान में होगा पौधारोपण

# 27 जून बलिदान दिवस समाधान निषाद और लोचन मांझी को समर्पित

**राष्ट्रीय हिंदी मेल खंडवा।**

**इन्दौर। अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन एवं निषाद वंशीय मांझी आदिवासी समाज म.प्र. के तत्वावधान में गुरवार, 27 जून 2024 को प्रातः 10.30 बजे समाधान निषाद और लोचन मांझी के बलिदान दिवस को डेली कॉलेज के सामने पौधा रोपण कर मनाया जाएगा।**

जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मदन परमालिया और समाज के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर रायकवार ने देते हुए बताया कि लोकतंत्र की स्थापना हेतु समाधान निषाद, लोचन मांझी आदि नाविकों ने 14 सौ अंग्रेजों को कानपुर के सती चौरा घाट पर गंगा नदी में डुबो डुबोकर कर मारे थे । परिणामस्वरुप अंग्रेजों ने क्रूरता का अंजाम देते हुए 27 जून 1857 को सुबह 7 बजे गाव को जलाकर एवं उजाड़कर समाधान निषाद लोचन मांझी सहित 168 निषादों को पीपल के पेड़ में टांगकर कच्ची फांसी दे दिये । कानपुर के बिठूर सैनिक छावनी से हजारों अंग्रेज देश का धन सैकड़ों नावों में लेकर समाधान निषाद व लोचन माझी की अगुवाई में गंगा नदी के रास्ते कलकत्ता जा रहे थे। रास्ते में इलाहाबाद के पहले महाराज गुहराज निषाद की प्राचीन नगरी श्रृंगवेरपुर धाम पर नदी के किनारे टीले पर रात्रि विश्राम के लिए जहाजी बेड़े सहित रूके। अंग्रेज नावों पर विलासिता में लिप्त थे । सभी नाविक भोजन पानी के लिए टीले पर स्थित निषादवंशीय की बस्ती में गए। नाविको ने गाँव के लोगो से पूछा अरे भाई ये इतना ऊंचा टिला किसका है ? इतना सूनते ही गांव के लोगो ने कहा, अरे मुर्ख, चुप हो जा, यह टिला नही, बल्कि हमारे तुम्हारे पूरखो का किला है, जिस अंग्रेज की तुम लोग गुलामी कर रहे हो, वह अंग्रेज हम लोगों को गुलाम बना कर रखे हैं, हमारी बहूबेटियों की इज्जत लूट रहे हैं और आप लोग इनकी सेवा में लगे हो। आज तो आप लोगों को बिरादरी के नाम पर दानापानी मिल मिल गया है लेकिन इसके बाद आप लोगो को अपमानित होना पड़ेगा। यह देश हम केवट निषादों का है इन गद्दारों का नहीं। जिनकी आप लोग सेवा कर रहे हो, जिस किले पर बैठे हो, यह हमारे तुम्हारे वंश के महाराजा गुह्यराज निषाद के किले का ध्वंसावशेष है। समाधान निषाद व लोचन माझी सहित सभी नाविक आश्चर्य भरी निगाहों से देखने व सोचने लगे कि हमारे वंश में भी राजा महाराजा थे । सभी नाविकों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। सभी नाविकों ने वही प्रण कर लिया कि अब इन विदेशी गद्दारों को खत्म करना है और खोया हुआ राज विरासत वापस लाना है। यहीं से वापस चलकर इन गद्दारों को अब कलकत्ता नहीं पहुंचाना है। नाविकों ने अंग्रेजों से कहा कि आगे गंगा नदी में पानी कम है जिससे नाव आगे नहीं जा पाएगी। निर्णय के अनुसार सभी जहाजी बेड़ा बिठूर वापस आ गये । सभी नाविक समाधान निषाद व लोचन माझी के नेतृत्व में 14 सौ अंग्रेजों को एक साथ डुबोकर खत्म करने का संकल्प लिये और योजना बनाये कि जब गंगा में बाढ़ आएगी तब कानपुर में अपने गांव के सामने इन विदेशी गद्दारों को डुबोकर मारा जाएगा । समाधान निषाद व लोचन माझी ने सभी नाविकों से कहा कि जब हम पघारा यानि पगड़ी हिलाएंगे तभी आप सभी नाविक नाव के अंदर जाएंगे। जहां पहले से आप सभी के नावों में कुल्हाड़ी रखी होगी जिसे उठा कर नावों की पेंदे पर तेजी से कुल्हाड़ी मारकर तोड़ देना है। जिससे नाव फट जाएगी और अंग्रेज डूब कर मर जाएंगे । तब हम सब तैरकर बाहर निकल जाएंगे। जब बरसात के समय में गंगा नदी में बाढ़ आई उसी समय बिठूर छावनी से हजारों अंग्रेजी सैनिक जब अपना जहाजी बेड़ा लेकर सती चौरा घाट कानपुर के सामने आए तो समाधान निषाद व लोचन माझी ने अपना अपना पघारा यानि पगड़ी हिलाये । सभी नाविक एक साथ नाव में नीचे जाकर जोर से टांगा मारे जिससे नाव फट गई। सारे अंग्रेज सैनिक मारे गए। सभी नाविक तैर कर भाग गये।

# जल भराव वाले क्षेत्रों में न मनाएं पिकनिक, न लें सेल्फी: कलेक्टर

## मौसम ऐप का करे प्रयोग, बाढ़-ग्रस्त होने वाले क्षेत्रों से रहें परिचित

*शहडोल। बरसात को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर तरूण भटनागर ने शहडोल जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कि बरसात के समय बाढ़ वाले इलाके जैसे नदियां, नाले, पुल आदि में जाने से बचें। उन्होंने कहा कि सूचना के लिए रेडियो सुनना, टेलीविजन देखना,सजग रहें कि आकस्मिक बाढ़ भी आ सकती है। किसान मौसम ऐप का प्रयोग कर मौसम की भविष्यवाणी को जानें। आकस्मिक बाढ़ आने की कोई संभावना हो तो किसी ऊचें स्थान पर तुरंत चले जाएं, नदियों, नहरों, नालों, घाटियों तथा अचानक बाढ़-ग्रस्त होने वाले अन्य क्षेत्रों से परिचित रहे। इन क्षेत्रों में बारिश के बादल या भारी बारिष जैसी किसी विशिष्ट चेतावनी के साथ या उसके बिना आकस्मिक बाढ़ आ सकती है, अपने घर की नालियों में बाढ़ के पानी को घुसने से रोकने के लिए मोरी की जालियों (सीवर ट्रैप्स) में चेक वाल्व लगाए। उन्होंने नागरिको से अपील करते हुए कहा कि बाढ़ वाले इलाकों में ड्राइविंग न करें तथा गीले हों अथवा पानी में खड़े हों तो बिजली के उपकरणों को नही छूंए। बारिश में साफ पानी और शुद्ध भोज्य पदार्थ का ही प्रयोग करें। युवा तथा अन्य सभी जल भराव वाले स्थानों पर सेल्फी लेने, पिकनिक करने, नहाने, कपड़े धोने और मवेशी धोने आदि के कार्य न करें तथा इन स्थलों से दूर रहें।*

# नगर परिषद जयसिंहनगर हुआ कांग्रेस मुक्त

## नगर परिषद अध्यक्ष सहित 4 पार्षदों ने ली भाजपा की सदस्यता



**शहडोल।** नगर परिषद जयसिंहनगर में सोमवार को एक राजनैतिक घटनाक्रम में कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष, नगर परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष सहित पार्षदों ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस राजनैतिक घटनाक्रम से अब जयसिंहनगर नगरपरिषद में भाजपा का कब्जा हो गया है।

### प्रधानमंत्री के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल

जयसिंहनगर के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जयसिंहनगर मण्डल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय के नेतृत्व में जयसिंहनगर नगर परिषद की अध्यक्ष सुशीला शुक्ला, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदेश शुक्ला, पार्षद गेंदाबाई सोनी, पार्षद गुड़िया अहिरवार, पार्षद दीपक बैगा, पार्षद फूलमत बैगा, पार्षद शिवानी उपाध्याय एवं नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चक्रधारी शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद रामनारायण सोनी सहित दर्जनों कांग्रेसी नेताओं को भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह एवं जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी द्वारा कमल पट्टिका पहनाकर मिष्ठान खिलाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संतोष लोहानी, दीपक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मिश्रा, शीतल पोद्दार, अरूण गौतम अध्यक्ष अंत्योदय समिति जयसिंहनगर, विनय केवट, सुनील मिश्रा, अरूण द्विवेदी अंकित सिंह बघेल, निर्मल द्विवेदी मण्डल उपाध्यक्ष, जयप्रकाश पाण्डेय पूर्व पार्षद, संपत मिश्रा उपाध्यक्ष नगरपरिषद जयसिंहनगर, यमुना प्रसाद मिश्रा, परदेशी चर्मकार, कपिलदेव सिंह बूथ अध्यक्ष, हीरालाल पाल जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जयसिंहगर नगर परिषद की अध्यक्ष सुशीला शुक्ला ने कहा कि वे भाजपा की रीति नीति एवं कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी एवं मण्डल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय द्वारा अपने 5 पार्षदों सहित सदस्यता ग्रहण कर रही हूँ।

भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने कहा कि सेवा ही संगठन भाजपा का मूल मंत्र है नगर परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष और पार्षदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्य और देश के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई हैं।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री संतोष लोहानी द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जयसिंहनगर मण्डल अध्यक्ष रामनारायण पाण्डेय द्वारा करते हुए कहा कि नगरपरिषद की अध्यक्ष एवं पार्षदों का भाजपा में स्वागत है। जयसिंहनगर के विकास के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह एवं विधायक मनीषा सिंह कृतसंकल्पित हैं। आगामी दिनों में जयसिंहनगर को बाईपास एवं नल जल योजना का शत प्रतिशत लाभ मिलेगा जिससे क्षेत्र का विकास होगा।

# मंत्रियों, विधायकों से टैक्स भरवा कर बचत बताने वाली सरकार: अवस्थी



**विदिशा।** जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अरुण अवस्थी ने अपने बयान में कहा कि विगत वर्ष तक मंत्रियों और विधायकों के भत्ते सहित अन्य टैक्स सरकार भरती थी, लेकिन सरकार ने हाल ही में निर्णय लिया है कि अब इस प्रकार से सभी टैक्स मंत्रियों और विधायकों को खुद भरना पड़ेगा।

अवस्थी ने कहा कि भाजपा इस निर्णय को संवेदनशील बता रही है तो क्या शिवराज सिंह की सरकार संवेदनशील नहीं थी। जबकि सच्चाई यह है कि मंत्री, विधायक तो पहले से ही टैक्स भरने में सक्षम थे, लेकिन इस निर्णय से सरकार जनता के सामने आखिर क्या साबित करना चाहती है। अवस्थी ने कहा कि सरकार हवाई जहाज खरीदी, शासकीय बंगलों की सजावट, लग्जरी गाड़ियों की खरीदी पर फिजूलखर्ची पर रोक लगाये। चुनाव के समय महिलाओं को 3000 रूपये महीने, 450 रूपये में गैस सिलेण्डर, किसानों को गेहूं और धान के 2700 और 3100 रूपये समर्थन मूल्य देने के जो वादे किये थे उन वादों को पूरा करे सरकार।

# फिर से विश्व रिकार्ड बनाएंगे विकास पचौरी



**विदिशा।** विगत 10 वर्षों में ढ़ाई लाख व्यक्तियों का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चैक करके विश्व रिकार्ड बनाने वाले अंतिम सेवक विकास पचौरी ने अब स्वयं के बनाए विश्व रिकार्ड को तोड़ने एक नया सेवा मिशन शुरू कर दिया है। अब यह तीन लाख ब्लड ग्रुप का नया विश्व रिकार्ड बनाने जा रहे हैं। इसकी शुरुआत बुधवार को विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम में रह रहे निराश्रित एवं मानसिक विकलांग प्रभुजी के ब्लड ग्रुप जांच कर की गई। रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए चलाए जा रहे इस मिशन में विदिशा जिले के गांव एवं शहरों में रहने वाले सभी उम्र के बच्चे, महिला पुरुष एवं बुजुर्गों की जांच नि:शुल्क की जाएगी। इसके लिए विकास पचौरी ने एक मारुती 800 को मोडीफाय करके चलित लैब बनाया है, जिसमें टेक्निीशियम टीम द्वारा ब्लड ग्रुप जांच करके परिचय कार्ड बनाकर दिया जाएगा।

# बारिश के पूर्व बाढ़ राहत के कार्य का होमगार्ड और एसडीआरएफ ने किया प्रदर्शन

## कलेक्टर एसपी की मौजूदगी में बेतवा नदी के बंगला घाट पर उपकरणों के साथ किया गया प्रदर्शन



**विदिशा।** बारिश का मौसम शुरू होने को है। ऐसे में विदिशा शहर और जिले के कई इलाके ऐसे हैं जहां अक्सर बारिश में बाढ़ के हालात बन जाते हैं। बाढ़ आपदा से निपटने के लिए होमगार्ड और एसडीआरएफ के जवान लगातार तैयार रहते हैं, उन्हें तैयारी का बुधवार को प्रदर्शन बांग्ला घाट पर किया गया। इस दौरान कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, एसपी दीपक शुक्ला भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि 2022 में जिस प्रकार से बाढ़ के हालात विदिशा शहर और जिले में बने थे, उसको आधार मानकर और उसके अनुभवों के आधार पर तैयारी की जा रही है। 300 से ज्यादा आपदा मित्र तैयार किए गए हैं, उन्हें तैराकी और बाढ़ की स्थिति में बचाव के तरीके सिखाए जा रहे हैं। यह भी बताया गया कि दो स्कूव डाइवर जो गहरे पानी में जाकर किसी को बचाने का काम कर सकते हैं, उन्हें प्रशिक्षित किया गया है दो अन्य स्कूव डाइवर 7 तारीख को विदिशा में आ जाएंगे, किसी भी आपदा की स्थिति में जान और माल का नुकसान न हो ऐसा बाढ़ राहत का यही उद्देश्य है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का हुआ आयोजन



**विदिशा।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के मौके पर उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विदिशा विधायक मुकेश टंडन, एसपी दीपक शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश तुकाराम भरसट, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी के अलावा अन्य अधिकारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। इस कार्यशाला के दौरान नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

# शहर की सड़कों के कांग्रेस ने भरे गड्ढों



**विदिशा।** विदिशा शहर में विभिन्न सड़कों पर गड्ढे होने की वजह से नगर पालिका में पार्षद नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के साथ तमाम कांग्रेस के पार्षदों और नेताओं द्वारा तिलक चौक पर सड़कों के गड्ढों को सीमेंट, गिट्टी, रेत से भरने का काम किया गया। गड्ढे भरकर नगर पालिका की नाकामी बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। पार्षद नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि शहर की अधिकांश सड़कों के हालात बद् से बद्तर हैं। गड्ढे धूल और बारिश में कीचड़ की वजह से लोग परेशान हैं। नगर पालिका दावा करती है कि रोडों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जा चुका है लेकिन अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। उन्होंने 15 दिन का अल्टीमेट नगर पालिका परिषद को दिया है। यदि सड़कों का सुधार कार्य नहीं हुआ तो कलेक्टर से मुलाकात करेंगे और उसके बाद उग्र आंदोलन करेंगे।

विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि नगर पालिका से लेकर केंद्र तक भाजपा की सरकार है और 20 सालों के दौरान उनके बातों के अनुसार विकास कार्य कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा। बारिश के सीजन में डामरीकरण किया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है।

# ब्यौहारी-जयसिंहनगर निर्माणाधीन मार्ग में आए दिन हो रही मौतें

## ठेकेदार की लापरवाही बन रही मौत का कारण

**शहडोल।** ब्यौहारी से जयसिंहगनर तक सड़क का चौड़ीकरण करते हुए सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान कार्यरत ठेकेदार द्वारा सुरक्षा हेतु न तो किसी प्रकार के साइन बोर्ड लगाए गए हैं न ही किसी प्रकार की चेतावनी आदि के बोर्ड लगाए गए हैं। जगह-जगह सड़कें अधूरी हैं, कुछ दूरी तक सड़क निर्माण पूर्ण किए गए हैं, रास्ते में पड़ने वाले सभी पुलों के पास निर्माण कार्य अधूरा है, इन अधूरे निर्माण कार्यों के पास किसी प्रकार की चेतावनी के बोर्ड अथवा स्टापर आदि नहीं लगाए गए हैं। मार्ग में अचानक ही खराब सड़क प्रारंभ हो जाती है, सड़कों पर निर्माण सामग्री भी पड़ी हुई है, जिसके कारण राहगीरों को काफी समस्याएँ हो रही हैं।

### अनियंत्रित हुआ बाईक सवार घटना स्थल पर हुई मौत

ब्यौहारी थाना क्षेत्र के जोरा गांव में निर्माणाधीन सड़क पर पुल के पास निर्माण सामग्री बड़े-बड़े गिट्टे पड़े होने एवं वहाँ पर सड़क अधूरी होने के कारणबाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें 30 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई तो वहीं उसका साथी गंभीर घायल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश बैगा उम्र 30 वर्ष रमेश बैगा के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने रिश्तेदारी में भैंसहा जा रहा था, तभी रास्ते में जोरा गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिसमें सवार मुकेश बैगा की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं रमेश गंभीर घायल हो गया।

निर्माणाधीन मार्ग में कहीं भी किसी प्रकार का संकेतक या सचेतक संकेत नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और बेवजह लोग अपनी जान से हाथ धो रहे हैं।

### इनका कहना है.......

*वन विभाग सहित कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण अभी काम रूका हुआ है। रास्तों पर पड़ी निर्माण सामग्री को व्यवस्थित कराया जा रहा है। डेंजर प्वाइंट्स पर संकेतक आदि लगाने की व्यवस्था कराई जा रही है।*

**आशीष पटेल**
**प्रबंधक, एमपीआरडीसी**

# पैसेंजर ट्रेन चलाने सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** रेलवे अप-डाउनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आजम उद्दीन द्वारा शहर में आगामी 30 जून से 6 जुलाई तक 07 दिवस के लिए विश्व प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवकथा सुनने के लिए लाखों की संख्या में भोपाल एवं आसपास के जिलों से कथा श्रवण करने हेतु पहुंचने वाले जैसे भोपाल, बीना, विदिशा, सीहोर, उज्जैन, गंजबासौदा, सांची, मंडी-बामोरा, इटारसी आदि जगहों से श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एवं श्रद्धालुओं की बेहतर सहूलियत के लिए एक पैसेंजर ट्रेन का संचालन अल्पावधि के लिए करने की देवाशीष त्रिपाठी मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। भोपाल-बीना रेल खण्ड के मध्य चल रही गाड़ियों में वैसे ही अत्यंत भीड़ और अत्यधिक यात्री भार है, ऐसे श्रद्धालुओं की हजारों,लाखों की भीड़ अगर इन ट्रेनों से यात्रा करेंगी तो यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और प्रतिदिन विवाद की स्थिति निर्मित होगी, जनरल कोच में भीड़ बढ़ने से महिलाएं, बच्चे और आम यात्रियों को गेट पर लटककर जान जोखिम में डालकर यात्रा करना होगा। यात्रियों की समस्या एवं श्रद्धालुओं की बेहतर सहूलियत हेतु स्पेशल पैसेंजर ट्रेन के चलाने का ज्ञापन सौंपा। मंडल रेल प्रबंधक ने अति शीघ्र सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक (रेल) मृगाखी डेका एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रशांत यादव को विदिशा स्टेशन पर विशेष बल तैनात करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

# समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए विशनपुरवा में आयोजित होगा विशेष शिविर

**शहडोल।** शहडोल जिले के गोहपारू विकास खंड के ग्राम पंचायत विसनपुरवा की ग्रामीण महिलाओं ने कमिश्नर से शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत बिसनपुरवा की गरीबी रेखा की सूची में साधन संपन्न लोगों के नाम जुड़े है। ग्रामीण महिलाओ का कहना था कि हमारे पास खेती नहीं है, हम मजदूर हैं इसके बावजूद हमारा नाम गरीबी रेखा की सूची में नहीं जोड़ा गया है। ग्रामीण को कहना था कि ग्राम पंचायत के पटवारी और सचिव द्वारा गरीबी रेखा की सूची में गंभीर अनिमित्ताएं की गई है। जिसके कारण गरीब और कमजोर तपके के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि ग्राम पंचायत में गरीबी रेखा की सूची के लिए पुन: सर्वे कराया जाए और गरीबी रेखा की सूची में पात्र हितग्राहियों का ही नाम जोड़ा जाए। जिस पर कमिश्नर ने ग्रामीण महिलाओं को समझाईस देते हुए बताया कि 26 जून 2024 को ग्राम पंचायत बिसनपुरवा के पंचायत भवन में क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के सचिव, पटवारी एवं अन्य विभागों के मैदानी कर्मचारी शाम 04 बजे उपस्थित होकर आपकी समस्याएं सुनेंगे। कमिश्नर ने ग्रामीणों को बताया कि 26 जून को आपकी ग्राम पंचायत में शाम 04 बजे से आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष विशिर का आयोजन किया जाएगा उन्होनें ग्रामीणों को बताया कि आप नियत समय में उपस्थित होकर उनके समक्ष आपनी समस्याएं और शिकायतें रखें आपकी शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

# विदिशा के ई-रिक्शा चालकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** विदिशा शहर में ई-रिक्शा चालकों की संख्या में इजाफा हुआ है। शहर में कई जगहों पर सवारी लाने-ले जाने का काम ई-रिक्शा के माध्यम से किया जा रहा है, लेकिन इन्हें चलाने वाले चालक परेशान हैं। बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर ई-रिक्शा चालकों ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने शहर के रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के ऑटो स्टैंड पर ई-रिक्शा चालकों को खड़े होने से ऑटो चालक भगाते हैं और सवारी लेने से भी उन्हें रोका जाता है। ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि उन्होंने स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए यह कार्य प्रारंभ किया है, लेकिन उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के अलावा शहर के मुख्य चौक, चौराहों पर भी उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। ई-रिक्शा चालकों ने कलेक्टर से ज्ञापन के जरिए मांग करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर ई-रिक्शा चालकों को खड़े होने के लिए स्थान सुनिश्चित किया जाए।

# फर्जी मस्टर बनाकर निकाल ली कपिल धारा योजना की राशि

## हितग्राही ने कर्ज लेकर बनवाया था कपिल धारा योजना अंतर्गत कुआँ



**शहडोल।** शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील के ग्राम पंचायत रेऊसा के रामेश्वर पाल ने कमिश्नर शहडोल से शिकायत दर्ज कराई है कि ग्राम पंचायत द्वारा उसके खेत में कपिल धारा के नाम से कुएं का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसमें मैंने अपना पैसा लगाकर निर्माण कार्य कराया था, किन्तु फर्जी मस्टर रोल भरकर लगभग 57 हजार 9 सौ रूपये की राशि गबन कर ली गई है। मैंने कुएं का कार्य कर्ज लेकर कराया था। मुझे शासन से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। रामेश्वर पाल ने कमिश्नर से कुएं के लिए स्वीकृत राशि मुहैया कराने की बात कही। ग्रामीण की शिकायत पर कमिश्नर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल को निर्देश दिए कि वह शिकायत की गंभीरता से जांच करें, तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्कूल के बाहर ताला लगाकर किया विरोध प्रदर्शन



**विदिशा।** बुधवार को दोपहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने सीएम राइस स्कूल में अव्यवस्थाओं की शिकायत करते हुए बच्चों के प्रवेश के पूर्व वहां ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान 30 मिनट से लेकर 45 मिनट तक छोटे बच्चे भी धूप में परेशान होते रहे।



सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। अपने स्तर पर समझाने का प्रयास किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य नहीं माने, बाद में तहसीलदार अमित ठाकुर भी मौके पर पहुंचे। जिला शिक्षाधिकारी राम ठाकुर को भी मौके पर बुलाया गया। उसके बाद जाकर स्कूल के बाहर लगा ताला खोला गया। अंदर पहुंचने के बाद जहां एक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने प्रिंसिपल पर गंभीर आरोप लगाए तो वहीं वहां के शिक्षक भी अभाविप के साथ मिलकर प्राचार्य को घेरते दिखाई दिए। जिला शिक्षाधिकारी ने छात्र संगठन द्वारा दिए ज्ञापन पर जल्द से जल्द सुधार कार्य और समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। वहीं बताया गया कि कुछ समय पहले भी प्राचार्य और शिक्षकों के बीच में विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी, जिसकी जांच जिला शिक्षाधिकारी ने की थी। उन्होंने इस मामले में कहा कि जांच प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है, आगे का निर्णय अधिकारी लेंगे। उन्होंने माना की किसी भी संस्थान में प्रमुख और उनके सहयोगियों के बीच कई बार काम को लेकर मनमुटाव हो जाता है। इधर तहसीलदार ने कहा कि यदि शिक्षकों और स्कूल की तरफ से छात्र संगठन के खिलाफ कार्यवाही के लिए आवेदन आता है तो नियम अनुसार उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# पुस्तकालय का समय बढ़ाने छात्रों ने सौंपा ज्ञापन

## कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा पुस्तकालय



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय शहडोल के स्वामी विवेकानन्द जिला पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर शहडोल को सामूहिक आवदेन देकर बताया कि जिला पुस्तकालय शहडोल पिछले एक वर्ष से प्रात: 08 बजे से शाम 08 बजे तक तथा सप्ताह के सातों दिन संचालित होता आ रहा है, परन्तु नये आदेश के अनुसार पुस्तकालय के संचालित होने का समय परिवर्तन कर प्रात: 10 बजे से शाम 06 तक निर्धारित किया गया है। साथ ही रविवार को अवकाश भी रखा गया है। जिस कारण से जिला पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी समस्याएं हो रही है। उन्होंने बताया कि आगामी परीक्षाओं एमपीपीएससी, यूपीएससी, रेलवे, एसएससी, बैंक इत्यादि को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय खुलने का समय पूर्व की भांति प्रात: 08 बजे से शाम 08 बजे तक तथा रविवार को भी संचालित किया जाए। जिस पर संयुक्त कलेक्टर अमृता गर्ग ने शिक्षा विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर छात्र-छात्राओं के मांग के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### कर्मचारियों की कमी से आ रही समस्या

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय एमपीपीएससी की तैयारी हेतु पूर्व कलेक्टर के निर्देश पर परीक्षा सम्पन्न होने तक प्रात: 8 से रात्रि 8 बजे तक खोला जा रहा था। पुस्तकालय प्रभारी राजेश निगम ने बताया कि कर्मचारियों की के कारण लाइब्रेरी का संचालन 12 घंटे लगातार किये जाने में काफी समस्याएँ हो रही हैं। प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक पुस्तकालय खोलने हेतु दो पाली में कर्मचारियों की आवश्यकता होती है, जिला शिक्षा अधिकारी की देखरेख में संचालित यह पुस्तकालय कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। 12 घंटे के लिए पुस्तकालय संचालित करने के लिए कम से कम 4 जिम्मेदार कर्मचारियों की आवश्यकता है, जो कि छात्र-छात्राओं के आगमन-एवं प्रस्थान सहित उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रख सकें।

# रेलवे एम्पलाइज को ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के प्रतिनिधियों के चुनाव संपन्न



**विदिशा।** रेलवे एम्पलाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी भोपाल परिक्षेत्र के प्रतिनिधियों के चुनाव रेलवे संस्थान विदिशा में संपन्न हुए। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद राष्ट्रहित, रेलवे हित एवं मजदूर कर्मचारी हित में निरंतर कार्य करने वाले संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के सभी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव चिन्ह मुट्ठी वाली चक्र पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने का सभी से आग्रह करते हुए कहा कि लाल झंडे का भ्रष्ट तंत्र 111 वर्षों से ईसीसी सोसायटी पर काबिज हैं उसे ढहाने की चेष्टा में पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है और मेहनत से सभी प्रत्याशियों को जिताने का बीणा उठा लिया है।

## सुविचार

**सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते हैं, सपने वह हैं जो हमको नींद नहीं आने देते।**

## संपादकीय

### जनता के वादों को पूरा करने का समय...

**अनीता चौबे**

अठारहवीं लोकसभा की औपचारिक शुरुआत के साथ उम्मीद यही की जाएगी कि नए संसद सदस्यों ने चुनावों के दौरान जनता के सामने जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने और देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने के लिए वे अपनी ओर से सब कुछ करेंगे। सोमवार को पहले सत्र में नए सांसदों के शपथ लेने और बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद गुरुवार को राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इसके बाद तीन जुलाई तक चलने वाले इस सत्र में फिलहाल परीक्षा में नकल के रोग,धांधली और सुर्खियों में आए कई जरूरी मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव के आसार बन रहे हैं। जाहिर है, संसद में जनता से जुड़े मुद्दों पर बातचीत या बहस एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को ही आगे बढ़ाएगी, मगर साथ ही यह अपेक्षा होगी कि ऐसी बहसें किसी ऐसे बेमानी टकराव का रुख न अख्तियार करे, जिसमें मुख्य सवाल शोर में गुम हो जाएं और समस्याओं का कोई ठोस हल न निकले।

दरअसलए पिछली लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव जिस स्तर तक चलाए उसमें ऐसे अवसर कम आए, जिसमें जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस हो और किसी मसले पर सामने आए हल में सबकी भागीदारी दिखे। ऐसी शिकायतें कई बार उभरीं जिसमें असहमति के स्वर तीखे होने के बाद विपक्ष ने सदन का बहिर्गमन किया और कई मुद्दों और विधेयकों पर पर्याप्त बहस नहीं हो सकी। इस बार संख्या बल की कसौटी पर विपक्ष बेहतर स्थिति में है और दोनों पक्षों का जिस तरह का ढांचा खड़ा हुआ है, उसमें स्वाभाविक ही पिछली लोकसभा के मुकाबले ज्यादा संतुलन दिखने की संभावना है। मगर जरूरी यह है कि किसी मुद्दे पर असहमति ऐसे टकराव में न तब्दील हो जिसमें उससे जड़े अलग-अलग पहलू पर चर्चा न हो सके। यह छिपा नहीं है कि किसी सदन में जिन मसलों पर सदस्यों के बीच व्यापक बहस की जरूरत होती है, वह कई बार इसलिए संभव नहीं हो पाती है कि हंगामे के नतीजे में सदन को बार-बार स्थगित किया जाता है। सवाल है कि जनता ने जिन्हें अपना प्रतिनिधि चुन कर संसद में भेजा है, अगर वे वहां किसी भी वजह से जनहित के मुद्दों पर बात नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी बनती है। लोकतंत्र का बुनियादी मूल्य यही है कि विधायिका जनता का प्रतिनिधित्व करती है और वहां उसके व्यापक हित में ही काम होना चाहिए। यह तभी संभव है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष संसद में अपनी-अपनी जवाबदेही को गंभीरता से लें। महज असहमति की वजह से एक-दूसरे को खारिज करके देश के आम लोगों का भला नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्तर पर कोई समस्या खड़ी होती है, तो उसका हल निकालना सरकार की जिम्मेदारी है और विपक्ष का यह दायित्व है कि वह इस मसले पर अपना वाजिब लोकतांत्रिक हस्तक्षेप करे। इस क्रम में सदन अगर हंगामे का अखाड़ा बन जाता है तो इससे सिर्फ सदन के समय और उस पर होने वाले खर्च की बर्बादी ही होगी। हंगामे और इसकी वजह से सत्र स्थगित किए जाने से न जाने कितने कार्य दिवसों का नुकसान होता है और जनहित के कितने स्वर दब कर रह जाते हैं।

# मानव धर्म ही सर्वोत्तम, कर्म के कठोर परिश्रम से उसे सार्थक करने का प्रयत्न करें

**संजीव ठाकुर**

**मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए।उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए।मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है।सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है,इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है।**

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानव अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा सइसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी।

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे स निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं। संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं । इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है। वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है।

जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहसए क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं।

मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोचए जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है।

मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होतीए और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है।

मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुन: साहस के साथ पुन:तैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है।

अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है । इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है।

जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशाए नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

# अब ब्यूटी-वेलनेस में पारंपरिक कौशल को नए जमाने की तकनीकों से लैस किया जाएगा

**विजय गर्ग**

इस क्षेत्र को रणनीतिक रूप से पोषित करके, भारत घरेलू और वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार एक मजबूत कार्यबल बनाने के लिए अपने जनसांख्यिकीय लाभ का लाभ उठा सकता है। आइए हम जो कुछ भी करते हैं उसमें बहुत अधिक न बह जाएँ। हमारी रणनीतियों पर नियमित रूप से विचार करना और परिणामों का गहन मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। निष्पक्ष मूल्यांकन हमारे लिए चीजों को बहुत आसान बना देता है। कौशल विकास के क्षेत्र में, कार्रवाई करना, निरंतरता बनाए रखना और एक दिनचर्या का पालन करना महत्वपूर्ण है। जनसांख्यिकीय लाभ का लाभ उठाने के लिए केवल एक खेल होने के बजाय गंभीर योजना की आवश्यकता है। इसमें हमारी युवा आबादी को कौशल प्रदान करने के लिए क्षमता निर्माण, बुनियादी ढांचे का निर्माण और जनशक्ति को तैयार करना शामिल है, जिससे उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार पाने में सक्षम बनाया जा सके। भारत कौशल रिपोर्ट महिलाओं के लिए रोजगार क्षमता में 52.8: और पुरुषों के लिए 47.2: की वृद्धि दर्शाती है। रोजगार योग्यता के मामले में महिलाएं पुरुषों से आगे निकल गई हैं, खासकर नर्सिंग, सौंदर्य और कल्याण और अन्य सॉफ्ट स्किल जैसे क्षेत्रों में, जिसने कोविड के बाद के युग में महिलाओं के बीच रोजगार योग्यता दर सबसे अधिक दिखाई है। सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र न केवल महिलाओं के लिए बल्कि पुरुषों के लिए भी घरेलू और वैश्विक बाजारों में व्यापक संभावनाएं रखता है। इस क्षेत्र की अभूतपूर्व वृद्धि के परिणामस्वरूप देश में अर्ध-कुशल और कुशल पेशेवरों की महत्वपूर्ण मांग बढ़ गई है। वर्तमान में, सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र लगभग 12.3 मिलियन लोगों को रोजगार देता है,जिनमें से 66: महिलाएं हैं और एक बड़ा हिस्सा न केवल निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से है, बल्कि सभ्य शिक्षित परिवारों से आने वाले बहुत से उम्मीदवार भी हैं। अनुमान है कि 2027 तक,भारतीय सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र लगभग 20.3 मिलियन लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। दिलचस्प बात यह है कि सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र में लगभग 44: कार्यबल के पास तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित पहुंच के साथ माध्यमिक शिक्षा के बराबर या उससे कम शैक्षणिक योग्यता है। व्यावसायिक शिक्षा को अधिक से अधिक अपनाने के अवसर हैं, विशेष रूप से सैलून सेवाओं, सौंदर्य, फिटनेस, पोषण और योग जैसे क्षेत्रों में, जो व्यावसायिक शिक्षा की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शा रहे हैं। इसके अलावा, पोषण परामर्श, फिटनेस कोचिंग और न्यूट्रास्यूटिकल्स जैसी सेवाओं की बढ़ती मांग के परिणाम स्वरूप नए और विविध कैरियर के अवसर सामने आए हैं, जिन्हें युवा व्यक्तियों द्वारा अपनाया जा सकता है, जिन्हें सौंदर्य और कल्याण में कौशल वृद्धि और व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता होती है। देश में सौंदर्य और कल्याण उद्योग संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप के बाजारों की तुलना में दोगुनी गति से तेजी से विकास का अनुभव कर रहा है। उद्योग के संबंध में उपभोक्ता जागरूकता और आकांक्षाओं में वृद्धि के कारण सौंदर्य और कल्याण उत्पादों और सेवाओं पर खर्च में वृद्धि हुई है। इंडियन ब्यूटी एंड हाइजीन एसोसिएशन (आईबीएचए) के अनुसार, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल पर प्रति व्यक्ति खर्च 2017 में लगभग 450 रुपये प्रति वर्ष से बढ़कर 2022 में 684 रुपये और 2025 में 772 रुपये हो गया है। जबकि वैश्विक सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र 2018 और 2023 के बीच 17.60: की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा, भारतीय क्षेत्र ने इसी अवधि के दौरान 18.40: की उच्च वृद्धि दर का अनुभव किया, जो कि बढ़ते समृद्ध और मध्य-वर्ग के कारण था। वर्ग जनसंख्या और देश में संगठित खुदरा उपस्थिति में वृद्धि।

इस क्षेत्र के लगभग 2,77,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है 2025, 2018 में 92,000 करोड़ रुपये से 23: की वृद्धि दर्शाता है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना: भारत में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान स्तर बहुत कम हैए हर पाँच उद्यमियों में से मुश्किल से एक महिला है। सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र महिलाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के बेजोड़ अवसर प्रस्तुत करता है। इसलिएए विशेष रूप से डिजाइन की गई उद्यमिता शिक्षा, प्रशिक्षण पहल और वित्तीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए उद्यमिता और स्वरोजगार को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। महिला उद्यमियों का समर्थन करने के लिएए इस क्षेत्र में नवीन स्टार्ट-अप गतिविधियों को विकसित करने के लिए एनएसडीसी, उद्योगों और एंजेल निवेशकों के सहयोग से एक विशेष कोष बनाना अनिवार्य है।

इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में होनहार महिलाओं की उद्यमशीलता की भावना को प्रज्वलित करने के लिए क्षेत्रीय ऊष्मायन केंद्रों की स्थापना महत्वपूर्ण है। इस पहल के तहतए सौंदर्य और कल्याण उद्योग में युवा महिला उद्यमियों को अपने उद्यमों को सफलतापूर्वक चलाने के लिए नए और बेहतर व्यवसाय प्रबंधन कौशल से लैस होना चाहिए। इस केंद्रित प्रयास से महिला उद्यमियों को ठोस व्यावसायिक विचार विकसित करने, एक बैंक योग्य और निवेश योग्य व्यवसाय योजना बनाने और एक मजबूत व्यवसाय विकास रणनीति तैयार करने में सक्षम होना चाहिए। पारंपरिक कौशल को नए जमाने की तकनीकों से लैस किया जाएगारू सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र डिजिटल व्यवधान का सामना कर रहा है क्योंकि प्रौद्योगिकी के नेतृत्व वाले स्टार्टअप और ग्रामीण क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क की पहुंच अधिक प्रचलित हो गई है।

## आप माननीय हैं ! संसद की गरिमा का ख्याल रखें ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया वह हमारी वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूस कर रहों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लाँघता दिखा। 18 वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ लिया, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं वरिष्ठ माननीयों को छोड़ । शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा। माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के गरूर में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूबसूरती हासिए पर रहीं जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदु है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय बिंदु है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता की लालच में वैचारिक विभाजन के जरिए सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है। जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार.तार किया वह अपने आप में काबिले गौर है। भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है।

## ज्ञानवाणी

### रिश्तों की ऑनलाइन डिलीवरी

एक युवक को अपने पिता के साथ बैंक जाना पड़ा क्योंकि उन्हें कुछ पैसे ट्रांसफर करने थे। बैंक में जाने के बाद वहां थोड़ा समय लग गया। बैंक में जब घंटा भर बीत गया तो युवक अपने आप को रोक नहीं पाया। वह अपने पिता के पास गया और बोला: पिताजी, आप अपने अकाउंट पर इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं क्यों नहीं शुरू करवा लेत?

पिता ने पूछा: और मुझे ऐसा क्यों करना चाहिए?

बेटा बोला: यदि आप ऐसा कर लेते हैं तो आपको पैसे ट्रांसफर करने जैसे कामों के लिए बैंक में घंटों नहीं बैठना पड़ेगा। इसके बाद, आप अपनी खरीदारी भी ऑनलाइन कर सकते हैं। सब कुछ बहुत आसान हो जाएगा!

बेटा अपने पिता को इंटरनेट बैंकिंग के फायदे दिखाने को लेकर बहुत उत्साहित था।

पिता ने पूछा: अगर मैं ऐसा करता हूंए तो मुझे घर से बाहर कदम नहीं रखना पड़ेगा?

युवक ने बड़े उत्साहित होकर कहा: हां, बिलकुल। आपको कहीं नहीं जाना पड़ेगा। आपके मोबाइल पर बटन दबाकर आर्डर देने की देर है, और आपके घर पर सामान हाजिर होगा। बेटे ने अपने पिता को बताया कि कैसे अब किराने का सामान भी घर पर पहुंचाया जा रहा है और कैसे अमेज़न जैसी कंपनियां इंसान की जरूरत का हर सामन घर पहुंचा देती हैं! ये सब सुनने के बाद पिता ने जो जवाब दिया उससे बेटे की जुबान पर ताला लग गया।

उसके पिता ने कहा: आज, जब से मैंने इस बैंक में प्रवेश किया है, मैं अपने चार दोस्तों से मिल चूका हूं। पैसे ट्रांसफर करवाने के दौरान मैंने बैंक के कर्मचारियों के साथ थोड़ी देर बात की और वो अब मुझे अच्छी तरह से जानते हैं। तुम्हारे जाने के बाद, मैं बिलकुल अकेला हूं। और मुझे इसी तरह की कंपनी की जरूरत है। मुझे तैयार होकर बैंक आना अच्छा लगता है। समय की दिक्कत तुम्हारी पीढ़ी को होगी, मेरे पास पर्याप्त समय है। मुझे चीजों की नहीं, मानवीय स्पर्श की जरूरत महसूस होती है।

जवाब सुनकर युवक को झटका लगा।

पिता ने आगे कहा: दो साल पहले मेरी तबीयत खराब हो गई थी। जिस दुकानदार से मैं फल ख़रीदता हूँ, उसे पता चला तो वह मुझसे मिलने आया और मेरे हालचाल पूछ कर गया। तुम्हारी माँ कुछ दिन पहले मॉर्निंग वॉक के दौरान गिर पड़ी थी। तो जिस व्यक्ति से मैं किराने का सामान लेता हूँ उसने देखा तो वह तुरंत अपनी कार में तुम्हारी मां को घर छोड़कर गया। तो बेटा, अगर मैं सब कुछ ऑनलाइन लूंगा, तो क्या मेरे पास इस तरह का 'मानवीय' स्पर्श होगा?

बेटा कुछ बोलता इससे पहले पिता ने कहा: मैं नहीं चाहता कि सब कुछ मुझ तक पहुंचाया जाए और इसके लिए मैं अपने आप को सिर्फ बेजुबान, बिना भावनाओं वाले कंप्यूटर से बातचीत करने के लिए सीमित और मजबूर कर लूँ। जिससे मैं कुछ खरीदता हूँ, वो मेरे लिए सिर्फ एक विक्रेता नहीं, उससे मेरे मानवीय संबंध बनते हैं। और ये रिश्ते ही हमें इंसान बनाते हैं, हमारी मानवीय जरूरतों को पूरा करते हैं, हमें जिंदा महसूस करवाते हैं।

अंत में पिता ने पूछा: क्या कोई कंपनी रिश्ते भी ऑनलाइन डिलीवर करती है? 'टेक्नोलॉजी से जिदगी सुविधाजनक तो की जा सकती है लेकिन उसके सहारे गुजारी नहीं जा सकती'।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

- 1839 रणजीत सिंह 'भारतीय इतिहास' में प्रसिद्ध सिक्खों के महाराजा की मृत्यु ।
- 1939 राहुल देव बर्मन – हिन्दी फिल्मों के संगीतकार का जन्मदिवस।
- 1955 पूर्णिमा वर्मन भारतीय पत्रकार का जन्मदिवस।
- 1922 अकिलन –तमिल भाषा के साहित्यकार का जन्मदिवस।
- 1964 पी. टी. उषा –भारतीय खिलाड़ी का जन्मदिवस ।
- 2002 जी–8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर सहमत।
- 2003 संयुक्त राज्य अमेरिका में समलैंगिकता पर प्रतिबंध रद्द।
- 2004 अमेरिका और यूरोपीय संघ ने जी.पी.एस. गैलेलियो के विकास में सहयोग से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 2005 ब्रिटेन ने भारत की वीटो रहित स्थायी सदस्यता का समर्थन किया।
- 2006 गुयेन मिन्ह ट्रयेट वियतनाम के राष्ट्रपति चुने गये।
- 2007 जेम्स गार्डन ब्राउन ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री का पद संभाला। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने महारानी एलिजाबेथ को अपना त्याग पत्र सौंपा।
- 2008 भारत व पाकिस्तान ने ईरान से आने वाली गैस पाइप लाइन परियोजना को चालू करने के लिए आ रही रुकावटों को हल किया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सहअध्यक्ष आसिफ़ अली जरदारी छरू दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में तुर्की रवाना हुए।
- 2008 भारतीय सेना के भूतपूर्व अध्यक्ष सैम मानेकशॉ की मृत्यु जिनके नेतृत्व में भारत ने सन 1971 में हुए भारत–पाकिस्तान युद्ध में विजय प्राप्त की थी।
- 2015 भारत के फिल्म इतिहास में अपना एक ख़ास मुकाम रखने वाले सत्यजीत रे अथवा सत्यजित राय की तस्वीर को संयुक्त राष्ट्र ने अपने मुख्यालय में प्रदर्शित करने का फैसला किया।

## राशिफल



**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहेगा। आप अपनी आय को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे। बिजनेस में अपनी योजनाओं पर आप अच्छा धन लगाएंगे। कार्यक्षेत्र में अपने सहकर्मियों का पूरा सहयोग रहेगा। आप किसी काम को समय से पूरा करने में कामयाब रहेंगे।



**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कोई उपलब्धि मिलने की संभावना है। सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को उनके काम से एक नई पहचान मिलेगी। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए



कार्यक्षेत्र में कोई उपलब्धि लेकर आने वाला है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको परिवार में छोटों की गलतियों को बड़प्पन दिखाते हुए माफकरना होगा। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा।

**कर्क राशि:** आज का दिन आपके लिए मेहनत



से काम करने के लिए रहेगा। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप कार्य क्षेत्र में एक अच्छा मुकाम हासिल कर सकेंगे। आप किसी की कहीं सुनी बातों में आकर कोई बड़ा निवेश न करें।

**सिंह राशि:** आज का दिन भाग्य के दृष्टिकोण से आपके लिए शुभ है। आपको किसी अजनबी



पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो वह आपके काम में अडंगे लगा सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है।

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए संपत्ति



संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। आप अपने आसपास रह रहे लोगों से यदि कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए कुछ




नये संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। आपको अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़नी है । बिजनेस में आपसे कोई चूक होने के कारण आपके बॉस आपके प्रमोशन पर रोक लगा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको निजात मिलेगी।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए



सामान्य रहने वाला है। आपको व्यवसाय में अकस्मात लाभ मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। अपने किसी भी जरूरी काम को लेकर किसी भी अजनबी ओर भरोसा न करें।

**धनु राशि:** आज आप कोई भी काम जल्दबाजी में न करें। आप अपनी वाणी व व्यवहार पर



संयम रखें। अपनी कोई गुप्त जानकारी किसी बाहरी व्यक्ति के सामने शेयर ना करे। जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़े में पड़ सकते हैं।

**मकर राशि:** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको पार्टनरशिप में कोई काम करने से बचना होगा। विरोधी आपसे



किसी बात को लेकर उलझ सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। आपको बिजनेस में



किसी डील से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आज आपको जल्दबाजी मे कोई निर्णय लेने से बचना होगा, नहीं तो उससे आपको समस्या होगी। आपको अपने मित्र के कोई बात बुरी लग सकती है।

**मीन राशि**: आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख



सुविधाओं में वृद्धि होगी। कलाक्षेत्र से जुड़े लोगों को एक नई पहचान मिलेगी। आपकी यश व कीर्ति में वृद्धि होगी। आपके काम से आपके अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। खर्च बढ़ने से आपको थोड़ी समस्या हो सकती है। बिजनेस में रुका हुआ धन मिलने की पूरी संभावना है।

**न्यूज ब्रीफ**

## मिलिंद नगर में 3 आरोपियों को जुआ खेलते पकड़ा

**बुरहानपुर।** पुलिस ने मिलिंद नगर में 3 आरोपियों को जुआ खेलते पकड़ा। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। आरोपी टेकचंद पिता तापीदास मावे 36 निवासी कडीयावाडी राम मंदिर के पास, शेख रईस पिता शेख मुनीर 30 निवासी सिलमपुरा गेट के पास, आदेश पिता अनील कुमार माहेश्वरी 47 निवासी गंगानगर को पकड़ा। कब्जे से 52 ताश पत्ते, नकदी 350 रुपये जब्त कर केस बनाया।

## पड़ोसी से हुए विवाद में पति-पत्नी घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

**बुरहानपुर।** ग्राम बहादरपुर में पड़ोसी से हुए विवाद में पति, पत्नी घायल हो गए। सिर और पेट में चोंटें आने पर पति, पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस को की गई शिकायत में नितिन पिता दिलीप भोजेकर ने बताया मंगलवार को हमारे पड़ोसी ने परिजन से विवाद किया तब मैं घर पर नहीं था। शाम में आया तो समझाने के लिए गया, लेकिन 3 लोगों ने हम पर हमला कर दिया। जिसमें पत्नी पूजा भोजेकर को भी चोंटें आई। नितिन ने कहा सिर पर पाइप या बैट मारने से चोट आई। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बाइक से कीचड़ उड़ने पर विवाद, दोनों के खिलाफ केस–** एक अन्य मामले में पुलिस ने दोनों शिकायतकर्ताओं के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया है। राजेश पिता दशरथ निवासी इंद्रानगर बहादरपुर ने शिकायत की कि मंगलवार शाम 7.30 बजे मैं बाइक से जा रहा था तभी गड्ढे के कारण बाइक का पहिया गढ्डे में जाने से पानी उछलकर अमित पटेल के उपर चला गया। इस पर विवाद कर लकड़ी मारकर चोट पहुंचाई। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भीका पिता अमित पटेल ने शिकायत की कि भैंसों को पानी पिलाने के लिए गया था तभी भैंस भाग रही थी। मैंने भैंस को गाली दी तो इस पर राजेश महाजन ने कहा तूने मुझे गाली दी है। इस बा पर उसने विवाद किय। प्लास्टिक के पाइप से मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## सोशल मीडिया पर कमेंट्स के बाद दो पक्षों में विवाद

**बुरहानपुर।** खकनार थाना क्षेत्र के ग्राम सिरपुर में सोशल मीडिया पर एक नाबालिक द्वारा डाली गई स्टोरी के बाद किए गए कमेंट्स से वाद विवाद की स्थिति बनी। करीब 12–13 लोगों ने मिलकर कुछ लोगों के साथ मारपीट की। जिसमें चार लोगों को चोंटें आई। मामला मंगलवार रात का है। पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आठ लोगों की गिरफ्तारी भी कर ली है। मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बुरहानपुर एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने बताया मामला खकनार थाना क्षेत्र के सिरपुर का है। एक नाबालिक ने इंस्टा पर स्टोरी अपलोड की। इस पर दूसरे पक्ष के युवक ने कमेंट्स किया था। दोनों बाद में बाजार में आए तो उनके बीच धक्कामुक्की हुई थी। इसके बाद 10–12 लोगों ने लाठी, डंडों से हमला कर मारपीट की। जिसमें 4 लोगों को चोट आई। पुलिस 13 लोगों पर धारा 307 सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परिक्षण व परामर्श शिविर 30 को

**बुरहानपुर।** माधवबाग़ क्लिनिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जायंट्स ग्रुप ऑफ़ बुरहानपुर एवं जनजाग्रति संस्था के संयुक्त तत्वाधान में 30 जून रविवार को प्रातः 10 से 2 बजे तक जैन हेल्थ केयर सेंटरइंदिरा कॉलोनी पर यह शिविर आयोजित होगा।इस शिविर में शुगर, हृदय रोग, बीपी, मोटापा, थाईराइड एवं जोड़ो से सम्बन्दी समस्याओ की निशुल्क जाँच कर परामर्श दिया जायेगा।

**मुख्य रूप से विधायक कंचन तन्वे ने रिंग रोड, बाईपास, एवं रोजगार को लेकर अपनी बात रखी**

# वीसी के माध्यम से खंडवा विधायक ने मुख्यमंत्री से शहर विकास को लेकर की चर्चा




**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**

लोकसभा चुनाव के आचार संहिता समाप्त होने के पश्चात अब भाजपा की प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश के विकास एवं योजनाओं को लेकर सक्रिय हो गए हैं, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की, मुख्यमंत्री श्री यादव द्वारा लगातार मंत्रिमंडल की बैठक लेकर प्रदेश के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जा रही है, साथ ही योजनाओं को भी मूर्त रूप दिया जा रहा है, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग स्तर की बैठक के भी आयोजित की जा रही है।

जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जा रहा है, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा इंदौर संभाग की आयोजित बैठक ली गई कलेक्टर कार्यालय के वी सी कक्ष में विधायक गणों के साथ जिला अधिकारियों से मुख्यमंत्री श्री यादव ने जिले की विकास योजना, वर्तमान समस्याएं, शासन की हित ग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की स्तिथि, गौ शालाओं की स्तिथि, गौ वंश परिवहन , तीर्थ हवाई यात्रा, आदि महत्वपूर्ण विषयों पर वन टू वन चर्चा की जिसमे खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विकास के साथ खंडवा की यातायात व्यवस्था को लेकर रिंग रोड, बायपास एवम रोजगार, शहर के विकास हेतु अपनी बात मुख्यमंत्री श्री यादव के समक्ष रखी।

मुख्यमंत्री की वी सी में खंडवा विधायक कंचन तनवे, मंधाता विधायक नारायण पटेल , जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल , जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखेड़े , जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह सोलंकी, पुलिस अधीक्षक मनोज राय, जिला महामंत्री राजेश तिवारी, अरूण सिंह मुन्ना, सुनील जैन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी ओपी जुकतावत, शिक्षा अधिकारी श्री सोलंकी एवं अधिकारी उपस्थित थे।




## अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर दिलाई शपथ

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**

अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में मरीजों, उनके परिजनों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. संजीव दीक्षित ने नशा न करने की शपथ दिलवाई तथा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी द्वारा शपथ का वाचन किया गया। इस दौरान बताया गया कि देश की चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशा मुक्त प्रदेश अभियान के अंतर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल स्वयं को बल्कि समुदाय, परिवार मित्रों को भी नशा मुक्त कराएंगे। हम अपने प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर आर.एम.ओ. डॉ. एम.एल. कलमे, डॉ. नितिन कपूर, डॉ. आदित्य जाधव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




## शासकीय स्कूल बस बस को महापौर विधायक ने हरी झंडी देकर किया रवाना

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**

सीएम राइस स्कूल आनंद नगर में बस सुविधा का लोकार्पण माननीय विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे के मुख्य आतिथ्य में किया गया इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में खंडवा की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव उपस्थित हुई। समाजसेवी को प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर उनसे अच्छी सुविधा उपलब्ध करवाने के उपदेश से प्रदेश सरकार द्वारा कम राइस स्कूल तैयार किए गए हैं ही साथ ही दो किलोमीटर से दूर से आने वाले बच्चों के लिए निशुल्क शासकीय वाहन की व्यवस्था भी की गई है।

इस शासकीय बस का लोकार्पण हम आप और विधायक द्वारा किया गया, कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में विधायक श्रीमती तनवे ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए शासन की ओर से प्रदान की जा रही ऐसी सुविधाओं से उनके सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी इस अवसर पर अपने उद्बोधन में महापौर श्रीमती यादव ने कहा कि विद्यार्थी इस प्रकार की सुविधाओं के माध्यम से अपने को लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होते हैं उन्हें अपना पूरा ध्यान अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में केंद्रित रखना चाहिए। कार्यक्रम के आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी में सी एम राइस विद्यालय की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजेश तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले , अध्यक्ष नगर निगम अनिल विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों एवं कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों को निशुल्क ड्रेस का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य धनपाल चौरे द्वारा इको क्लब के विद्यार्थियों के माध्यम से अतिथियों के साथ पौधारोपण किया।कार्यक्रम में धर्मेंद्र बजाज,सुनील जैन, संदेश गुप्ता, भावेश बिल्लौर, पार्षद रानी वर्मा, संध्या पांडे,प्रेमलता पाराशर, रम्मू अग्रवाल,लोकेंद्र गौर,मनीष साकल्ले तथा प्राचार्य तनुजा जोशी,ज्योत्सना सोनी तथा समस्त स्टाफसदस्य विशेष रूप से उपस्थित हुए।कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया वह आभार एडीपीसी रमसा संगीता सोनवाने ने व्यक्त किया।

# खंडवा में 28 जून से आयोजित होगा राज्य पश्चिम क्षेत्र स्तरीय प्रेसिडेंट कप फुटबॉल टूर्नामेंट

**प्रतियोगिता का समापन 4 जुलाई को होगा प्रदेश की 12 जिलों की टीम होंगी शामिल**

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**



मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में फुटबॉल संघ खंडवा द्वारा नगरीय क्षेत्र के स्टेडियम मैदान पर राज्य पश्चिम क्षेत्र स्तरीय प्रेसिडेंट कप फुटबॉल टूर्नामेंट 28 जून से प्रारंभ होगा, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 28 जून से प्रारंभ होकर 4 जुलाई तक आयोजित होगा, 28 जून को प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर खंडवा के जनप्रतिनिधि उपस्थित होंगे, वहीं 4 जुलाई को समापन के अवसर पर मंत्री विजय शाह एवं सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, जनप्रतिनिधि शामिल होंगे, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा ने प्रतियोगिता को लेकर कहा कि हमारे शहर के लिए गौरव का विषय है कि मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन खंडवा में किए जाने का निर्णय लिया गया है, हम इस प्रतियोगिता को शानदार तरीके से संपन्न कराएंगे, आयोजित इस टूर्नामेंट में इंदौर, देवास, खरगोन, बड़वानी, झाबुआ, नीमच, रतलाम, धार, मंदसौर एवं खंडवा की टीम प्रतिभागिता करेंगी, फुटबॉल एक विश्व का एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से भी शानदार खेल है और भारत ने भी फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है, सभी शहरवासी एवं खेल प्रेमी आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें, जिला फुटबॉल संघ के सचिव राहुल मेहता ने बताया कि राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 28 जून दोपहर 3:00 बजे गुरु गोविंद सिंह स्टेडियम पर प्रारंभ होगा, सभी टूर्नामेंट इसी स्टेडियम में संपन्न होंगे, टूर्नामेंट को लेकर बुधवार को एस एन कॉलेज ग्राउंड पर एक बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद पुरी, कैलाश राठौड़ प्रवक्ता सुनील जैन राहुल मेहता प्रवीण पांडे, आशीष राजपूत, अधिवक्ता प्रणय गुप्ता, सूरज रायकवार उपस्थित थे।

# भाजपा विधायक के करीबी नेता ने ठेकेदार को दी सबक सिखाने की धौंस, सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल

**ऑडियो में हाईवे के अलावा थर्मल पावर से निकलने वाली राखड़ के संबंध में ठेकेदार का काम करवाने का जिक्र भी भाजपा नेता राठौर द्वारा किया गया**

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**


खंडवा विधायक कंचन तनवे के समर्थक और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ठेकेदार के बीच बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ है। विधायक के समर्थक ने ठेकेदार को धमकाते हुए कहा कि देख लो विधायक के समर्थक राजपाल राठौर की मर्जी के बिना काम कैसे कर सकता है। उसने यहां तक घ्ध्कहा कि अगर तुम्हारे दिल्ली में अधिकारियों से संबंध हैं तो हमारे भी संबंध हैं, हम विधायक के साथ मौके पर जाएंगे और एक-एक इंच जमीन की नपती कराएंगे। बातचीत में दोनों ने संघ के नाम पर भी चर्चा की। बातचीत का यह वीडियो करीब तीन महीने पुराना बताया जा रहा है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**क्या है पूरा मामला–** भाजपा नेता समर्थक राजपाल सिंह राठौर के ऑडियो में अपना नाम आने पर विधायक कंचन तनवे ने कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद अगर छोटी-छोटी बातें सामने आती हैं, जैसा कि आप बता रहे हैं, तो मुझे इसका कोई अनुभव नहीं है. मैं सभी को अपना भाई मानता हूं। अगर कोई मेरी पीठ पीछे ऐसा करता है तो गलत है, किसी को धमकाना गलत है। ऐसा नहीं करना चाहिए। अगर किसी भाई ने ऐसी गलती की है तो हम बैठकर बात करेंगे। इस समस्या का समाधान करेंगे। दरअसल पूरा मामला देशगांव-रूढ़ी फोरलेन से जुड़ा है।

**महान गायक किशोर कुमार के शहर खंडवा की हवाई पट्टी का विस्तारीकरण एवं नवीनीकरण होने से बढ़ेगी सुविधाएँ**

# नागचुन स्थित हवाई पट्टी के नवीनीकरण एवं सुविधाओं के सम्बन्ध में सांसद पाटिल ने उड्डयन मंत्री नायडू से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल बुरहानपुर।**



18वीं लोकसभा का प्रथम सत्र प्रारंभ हो चुका है, प्रधानमंत्री केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ ही सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भी शपथ ग्रहण की, लोकसभा में बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में दोबारा ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित हुए, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि के बाद सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने लोकसभा अध्यक्ष को बधाई देते हुए चल रहे सत्र के दौरान केंद्रीय उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू से उनके कक्ष में मुलाकात कर नागचुन स्थित हवाई पट्टी के नवीनीकरण सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा करते हुए ज्ञापन सोंपा ज्ञापन में कहा गया कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खंडवा शहर मुख्यालय के ग्राम नागचुन स्थित हवाई पट्टी जो विगत लगभग 75 वर्ष की है। इस हवाई पट्टी के उन्नयन ध् नवीनीकरण का कार्य वर्ष 2014 में लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन द्वारा कराया गया है। इस हवाई पट्टी रनवे की लंबाई 975.20 मीटर एवं चौडाई 45.60 मीटर है। इसका कुल रकबा 40.64 हेक्टेयर है, जिसका खसरा क्रमाक 185, 219 एवं 428 है। पक्की बाउंड्रीवाल 2875.00 मीटर है एवं तारफेसिंग 1586.20 मीटर है। यहां दो एच. टाईप क्वार्टर व रिटायरिंग रूम निर्मित है इनकी स्थिति अच्छि है। यहां पर व्ही. आई. पी. हेलीकॉप्टर का आवागमन होता रहता है। खण्डवा जिले के आस-पास बुरहानपुर, खरगोन, बैतूल, बड़वानी तथा हरदा जिले लगे हुए है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि ज्ञापन में लिखा गया कि 19 सदी के महान गायक किशोर कुमार के शहर खंडवा की इस हवाई पट्टी का विस्तारीकरण एवं नवीनीकरण होने से आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ यहां के व्यावसायिक कार्यों एवं निजी कार्यों हेतु अन्य शहरों में हवाई यात्रा से आना-आना सुगम हो सकेगा। धार्मिक दृष्टिकोण से ओमकारेश्वर का ज्योतिर्लिंग हजारों तीर्थ यात्रियों का आवागमन, वहीं बोहरा समाज का तीर्थ क्षेत्र दरगाह ए हकीमी बुरहानपुर में है। वृहत वाणिज्यिक उपयोग में सिंगाजी थर्मल पावर, ओमकारेश्वर जल परियोजना एवं इंदिरासागर जल परियोजना से भी जुड़ा है ।

वर्तमान में बेड़िया ग्राम में एक थर्मल पावर बनाया गया है, साथ ही ओमकारेश्वर रिजर्व वाटर क्षेत्र में सोलर बिजली का परिक्षेत्र भी शामिल हो गया है। पर्यटन के द्रष्टिकोण से हनुमंतिया एवं पुनासा जंगल सफारी भी है। इस सम्बन्ध एक और तथ्य आपको अवगत कराना चाहता हू की खरगोन एवं बडवानी में रेलवे सेवाये भी नहीं है जिससे बहुत समय बर्बाद हो जाता है।

अतः यहाँ पर यात्री विमान की नियमित सेवाये मुंबई, नई दिल्ली, पुणे, बंगलोर, हैदराबाद के लिये एवं माल वाहक विमान से वाणिज्यिक गतिविधि प्रारम्भ कर लाभ अर्जित किया जा सकता है। अतः आपसे विनय अनुरोध है कि इस हवाई पट्टी के विस्तारीकरण, उन्नयन नवीनीकरण एवं मूलभूत सुविधाओं हेतु उचित आदेश जारी कर अनुग्रहित करें। जिससे इस क्षेत्र का विकास हो सके। मंत्री श्री नायडू ने सांसद श्री पाटिल को अस्वस्थ आश्वस्त किया कि किया कि सर्वे कराकर हवाई पट्टी का विस्तार करवाया जाएगा।




## सद्भावना मंच ने महाप्रबंधक सेंट्रल रेलवे के नाम दिया ज्ञापन

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल खंडवा।**

महाप्रबंधक सेंट्रल रेलवे मुम्बई एवं डीआरएम भुसावल के नाम सद्भावना मंच ने एक ज्ञापन रेलवे स्टेशन मैनेजर अरविंद साहा को दिया। जिसमें लोगों की समस्याओं को देखते हुए मांग की गई है की नागपुर से खंडवा दादाजी एक्सप्रेस जो पहले चलती थी कोविड के समय में बंद कर दी गई उसे दादाजी धूनी वाले के गुरु पूर्णिमा पर्व को देखते हुए अविलंब शुरू किया जाए। दादाजी के गुरु पूर्णिमा पर्व पर देश भर तथा विशेष रूप से महाराष्ट्र से श्रद्धालु यहां दादाजी धूनी वाले के समाधि पर दर्शनार्थ आते हैं।अतः ट्रैन शुरू किया जाना आवश्यक है। सद्भावना मंच ने यह भी अपनी पुरानी मांग का स्मरण दिलाया कि खंडवा महान संत दादाजी धुनी वाले का समाधि स्थल है। तथा लाखों लोगों के श्रद्धा का केंद्र है।जहां देशभर से लाखों श्रद्धालु आते जाते हैं। अतःमहान संत के नाम से रेलवे जंक्शन का नाम श्री दादाजी धाम किया जाए। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष प्रमोद जैन पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, सुरेंद्र गीते, सुनील जैन,एन के दवे,ओम पिल्लै, राजेश पोरपंथ, सुभाष मीणा, डॉ एम एम कुरैशी, राधेश्याम शाक्य,मुरली कोडवानी, नारायण फरकले आदि मौजूद थे।

# सोनुद में अतिक्रमण की जमीन पर चल रही थी बोवनी की तैयारी

### वन विभाग की टीम ने जेसीबी तीन टपरियां तोड़ी

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल बुरहानपुर।**

सोनुद की बीट नंबर 321 में बुधवार को कुछ अतिक्रमणकारियों ने वन भूमि पर कब्जा कर करीब 5 हेक्टेयर एरिया में बोवनी की तैयारी कर रखी थी। वन विभाग को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची औरअतिक्रमणकारियों के प्रयास विफल कर जेसीबी से तीन आधी अधुरी टपरियां तोड़ी गई। जेसीबी से खंती भी खुदवा दी गई ताकि दोबारा यहां अतिक्रमण न हो पाए।

वन विभाग बुरहानपुर एसडीओ अजय सागर ने बताया सोनुद में अतिक्रमणकारियों द्वारा 5 हेक्टेयर एरिया में नया अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी खकनार सचिन सिंह अमले के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमित एरिया में जेसीबी से खंती खुदवाई गई। वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। मौके पर अतिक्रमणकारी बीज बुआई की तैयारी में थी।



### 20-25 लोगों ने जताया आक्रोश

वन अफसरों के अनुसार कार्रवाई के दौरान करीब 20-25 अतिक्रमणकारियों ने यहां पहुंचकर काम में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन वन विभाग की टीम ने उन्हें सख्ती से समझाया। मौके पर अतिक्रमित एरिया में बने 3 आधे अधुरे टपरों को तोड़ा गया। जिन्हें पिछली रात ही बनाने का प्रयास किया गया था। वन विभाग ने कार्रवाई के दौरान अपात्र वन अधिकार दावा धारकों को वन भूमि खाली करने के नोटिस भी तामील कराए। एसडीओ अजय सागर ने कहा अतिक्रमणकारी इसी मौसम में अतिक्रमण करने का प्रयास करते हैं। इसलिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# शराब दुकान कर्मचारियों से मारपीट, केस दर्ज

**राष्ट्रीय हिंदी मेल बुरहानपुर।**

फोपनार में शराब दुकान के कर्मचारियों के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। पुलिस को की गई शिकायत में राम पिता हरि प्रसाद पटेल 46 निवासी ग्राम फोपनार ने कह मैं शराब दुकान फोपनार में मैनेजर का काम करता हूं। 24 जून को शाम करीब 6.30 बजे बोलेरो से मैं और ड्रायवर कैलाश पानपाटील, दुकान के कर्मचारी भीका पिता वसंता, बबन पिता जशवंत चौहान, नंदू पिता उखा चौहान ग्राम बोरगांव पिपरी में स्कूल के पास खड़े थे। तभी बोरगांव का सुपडु व उसकी पत्नी अमीना तथा उसका लड़का रहमान पिता सुपडु हमारी गाडी के पास आकर शराब की बात को लेकर हमें तीनो गालियां देने लगे। मना किया तो तीनों हमारे साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे झगडा होता देख उसराम भी आया और हमें गालियां देने लगा और चारों हमारे साथ झूमा झटकी कर मारपीट करने लगे। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। मामले की जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर में विठ्ठल-विठ्ठल नाम की गूंज



**बुरहानपुर।** कलां और विविधताओं से परिपूर्ण शहर इंदौर स्थित कैनरिज आर्ट गैलरी में सूर्या आर्ट स्टूडियो द्वारा कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें 26 कलाकारों की 78 पेंटिंग से सजाया गया। जिसमें पर्यावरण, स्टील लाइफ, प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक, एतिहासिक आदि पेंटिंग को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। जिसमें बुरहानपुर से कलाकार शिवा बी. पाटील (ब्रह्मपुरे) संस्थापक-कलाब्रह्म आर्ट स्टूडियो, बुरहानपुर भाग लिया था। उन्होंने विठ्ठल भगवान की बहुत ही खूबसूरत पेंटिंग को यहा प्रदर्शित किया, जिसके कारण उनकों वयस्क ग्रुप में प्रथम स्थान हासिल हुआ और उन्होंने अपनी कला के माध्यम से बुरहानपुर नगर को गौरवान्वित किया। युवा कवि एवं पेशे ग्राफिक्स डिजाइनर नितिन वाडले ने बताया कि प्रदर्शनी में हर कोई विठ्ठल भगवान की पेंटिंग के पास आकर रुक जाता था एक अलग ही चमक और मुस्कान विठ्ठल जी के चेहरे पर नज़र आ रही थी।

**बुरहानपुर के कलाकार का श्रेष्ठ प्रदर्शन, प्राप्त किया प्रथम स्थान**

### सेंट्रल रेलवे ईसीसी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी प्रतिनिधि के चुनाव के लिए मतदान हुआ

**बुरहानपुर।** सेंट्रल रेलवे ईसीसी को.ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी खंडवा प्रतिनिधि के चुनाव के लिए मतदान बुधवार सुबह 7 बजे से बुरहानपुर में हुआ। मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक चली। यह एशिया की सबसे बड़ी सोसायटी है जिसका वार्षिक टर्नओवर करीब 3870 करोड़ है। यह चुनाव सोसायटी प्रतिनिधि खंडवा क्षेत्र का हो रहा है। इसमें कुल 7 उम्मीदवार मैदान में हैं जिसमें नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन और ऑल इंडिया एससी, एसटी रेलवे एम्प्लाइज एसोसिएशन के संयुक्त उम्मीदवार भी खड़े हुए हैं। इनमें पुष्पेंद्र कापड़े मुख्य कार्यालय अधीक्षक, महेंद्र भार्गव मुख्य पार्सल लिपिक, वर्षा बोरकर मुख्य नर्सिंग अधीक्षक सहित 4 अन्य उम्मीदवार नरेंद्र अग्रवाल डिप्टी एसएस खंडवा, रजित नायर टीसी, राम जीवन ट्रैकमैन और एक उम्मीदवार ट्रैकमैन यूनियन का भी है। खंडवा प्रतिनिधि के लिए 998 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदाता के बतौर दुस्खेड़ा रेलवे स्टेशन से खंडवा तक के रेलवे कर्मचारी शामिल हैं। 500 कर्मचारी बुरहानपुर क्षेत्र के हैं जबकि अन्य खंडवा के है। चुनाव के लिए मतदान सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय साउथ में हुआ। इसका परिणाम गुरूवार शाम 7 बजे भुसावल महराष्ट्र में घोषित होगा।

### आरोपी ने किया था दुष्कर्म का प्रयास

# दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद

**राष्ट्रीय हिंदी मेल बुरहानपुर।**

40 साल की एक महिला का मानसिक संतुलन महज 2 साल की बालिका की तरह है। वह बोल नहीं पाती थी। उसके साथ एक आरोपी द्वारा दुष्कर्म का प्रयास किया था। आरोपी को रंगेहाथों पकड़ा गया था। उसके खिलाफ दुष्कर्म, सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

कोर्ट में मनोवैज्ञानिक डॉक्टर चोईथराम अस्पताल डॉ. महेंद्र कुमार आचार्य द्वारा दिए गए कथन के अनुसार 2 साल के बाद महिला का आईक्यू, एसक्यू 30 होता और 90 से उपर होता है। पीड़िता का आईक्यू लेवल 13 से कम था। उसे संभालने के लिए बड़ी बहन है जो उसकी देखरेख करती है। आरोपी उसके साथ दुष्कृत्य का प्रयास कर रहा था। कोर्ट में चले प्रकरण के बाद न्यायालय सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अन्य धाराओं में भी सजा सुनाई गई। खास बात यह है कि मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म के सिम्टम्स नहीं पाए गए, लेकिन आरोपी ने मानसिक रूप से नि:शक्त महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था और जिस स्थिति में उसे पकड़ा गया था उस आधार पर उसे सजा सुनाई गई। मामले में एमवाय अस्पताल के डॉक्टर्स की टीम ने महिला की मेंटल स्थिति चेक की थी जिसके बाद पता चला था कि उसका मानसिक संतुलन केवल 2 साल की बच्ची की तरह है। वह बोल नहीं पाती है। डॉक्टरों ने बताया कि आईक्यू लेवल 13 से कम होने पर मंदबुद्धि माना जाता है। आमतौर पर व्यक्ति का आईक्यू लेवल 90 होता है। मेडिकल रिपोर्ट में महिला को मंदबुद्धि पाया गया। कोर्ट ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी को एकमात्र साक्षी पीड़िता की बहन के कथन के आधार पर सजा सुनाई।




### यह है पूरा मामला

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक श्याम देशमुख के अनुसार मामला खकनार थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां 22 जनवरी 2023 को आरोपी ने मानसिक रूप से विक्षिप्त पीड़िता के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। परिजन की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 376-2, 450 भादंवि के तहत केस दर्ज किया गया था। प्रकरण में सुनवाई के बाद आरोपी सुनील भूरेलाल को सत्र न्यायालय न्यायाधीश आशिता श्रीवास्तव ने आजीवन कारावास और 17 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामले में एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार के मार्गदर्शन में विवेचना एसआई प्रियंका नायक ने की। एसपी द्वारा विवेचना अधिकारी को पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं सफल पैरवी के लिए एसपी की ओर से अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक को प्रशंसा पत्र दिया जाएगा।

### इन धाराओं में सुनाई सजा

धारा 450 भादंसं- 10 साल का सश्रम कारावास, 2 हजार रूपए अर्थदंड।

धारा 376 भादंसं- आजीवन कारावास, 5 हजार रूपए जुर्माना।

धारा 376-2(जे) भारतीय दंड संहिता- आजीवन कारावास, 5 हजार जुर्माना।

धारा 376-2 (एल) भारतीय दंड संहिता- आजीवन कारावास, 5 हजार रूपए जुर्माना।




# अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर चित्र कला प्रतियोगिता व रैली कार्यक्रम हुआ

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल बुरहानपुर।**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में बुनकर कल्याण समिति व्दारा ग्राम लोनी की शा. हाई सेकंडरी स्कूल में आदिवासी महाविद्यालय की छात्राओं ने चित्र कला प्रतियोगिता एवं शाला के छात्राओं ने रैली निकाली, मानव श्रृंखला बनाकर नशा के विरुद्ध शपथ दिलाई ।उप संचालक दुर्गेश दुबे ने बताया कि आज का दिन अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का उद्देश्य लोगों में नशे के प्रति जन जागरुकता लाना है।

जिला वासीयो को बताया कि स्वास्थ्य जीवन के लिए नशे से दुरी जरुरी है कोई भी प्रकार का नशा स्वास्थ्य के लिए लाभदायक नहीं है। शराब, तम्बाकू, सिगरेट, ड्रग्स लेने से शरीर व मस्तिष्क पर दुष्प्रभाव पडते है। कई प्रकार की बीमारियां जैसे कैंसर, भयानक रोग होने पर आर्थिक के साथ जान भी जाती है। आज हम सब को मिलकर यह संकल्प एवं शपथ लेवे के जीवन में नशा नहीं करे गऐ।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम कौशल्या मन्नु जाम्बेकर, व्दितीय सरिता श्यामलाल डावर, तृतीय मारथा श्यामलाल तडोले को विभाग की ओर से प्रमाण पत्र एंव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह हजारी, शिक्षक इरफान खान, जालम सिंह सोलंकी, विभाग से प्रमोद वास्कले, एजाज अंसारी शामिल हुए।

# एमआईसी बैठक में निर्णय-अतिक्रमण हटाते ही नगर निगम कराएगा पौधारोपण

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल बुरहानपुर।**

नगर निगम एमआईसी चेयरमैन बैठक में निर्णय लिया गया है कि जहां जहां से भी नगर निगम अतिक्रमण हटाएगा अब वहां पौधारोपण किया जाएगा। महापौर माधुरी अतुल पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पिछली बार रखे गए प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में महापौर श्रीमती पटेल ने कहा अब नगर निगम जहां से भी अवैध अतिक्रमण हटाएगा वहां पौधारोपण कराया जाएगा। साथ ही आसपास पैवर ब्लाक लगाए जाएंगे। बैठक में निगम में इंजीनियर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अभ्यार्थियों को उनके दस्तावेजों का परीक्षण कर उनको उपस्थित होने की सूचना दिए जाने, उपयंत्री के 3 मैकेनिक, इलेक्ट्रिकल, सिविल के पद पर कर्मचारी चयन मंडल द्वारा पद भरे जाने का प्रस्ताव पास किया गया। 15 साल से अधिक पुराने शासकीय, अर्ध शासकीय स्थानीय निकायों के वाहनों को चलन से बाहर करते हुए नगर निगम द्वारा 15 वर्षो से अधिक पुराने 7 वाहनों को बंद किया गया। अमृत 2.0 योजना में जल आवर्धन योजना की शेष अन्य कार्य जिसमें इंटेकवेल तक का पहुंच मार्ग निर्माण, शिकारपुरा वार्ड में, रेणुका पार्क के पास ओवरहेड टैंक का निमार्ण और ओवरहेड टैक का निर्माण, रेणुका पार्क के पास क्लियर वाटर फीडर मेन का निर्माण, रेणुका पार्क ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का कार्य, हाउसहोल्ड कनेक्शन का कार्य सम्मिलित कर राशि 5.21 करोड़ लागत की डीपीआर तैयार कर निगम की मेयर इन काउंसिल से स्वीकृत किया गया।




महापौर ने बताया कि शहर में भारी वर्षा होने से विभिन्न स्थानों पर वर्ष की पानी से जल भराव हो जाता है। सिंधीपुरा गेट से लोहार मंडी गेट सेहोते हुए जमालपुर तक नाला निर्माण करने का प्रस्ताव पास किया गया। निगम द्वारा अपशिष्ट संग्रहण के लिए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्हीकल की उपलब्धता होने पर 1000 का शूल्क का निर्धारण किया गया है।

बैठक में पूर्व महापौर अतुल पटेल, एमआईसी चेयरमैन संध्या राजेश शिवहरे, भरत इंगले, संभाजी सगरे, महेंद्र इंगले, धनराज महाजन, रितेश दलाल, अनिल विस्पुते, एजाज अशरफी, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, उपायुक्त वित्त शैलेष गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी, जगन्नाथ पवार, शशिकांत पवित्रे, सहायक यंत्री अशोक पाटील गोपाल महाजन, निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण योजना है एवं इससे क्षेत्र के समग्र विकास हेतु जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी

# जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल से विधायक अर्चना चिटनिस ने की मुलाकात

**0राष्ट्रीय हिंदी मेल बुरहानपुर।**

नई दिल्ली में ''ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना'' परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल से पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस ने नई दिल्ली में मुलाकात की। भेंट के दौरान श्रीमती चिटनिस ने श्री पाटिल को बुरहानपुर सहित महाराष्ट्र के 5 जिलों की जीवन रेखा ताप्ती मेगा रिचार्ज योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए योजना के जमीन पर मूर्तरूप देने हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को देने की बात कही। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि यह वृहद जल पुनर्भरण योजना मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण योजना है एवं इससे क्षेत्र के समग्र विकास हेतु जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। श्रीमती चिटनिस ने केंद्रीय मंत्री श्री पाटिल से जल्द से जल्द परियोजना के विषय एवं जानकारी के लिए एक बैठक आयोजित कर प्रजेंटेशन देखने के लिए आग्रह किया ताकि योजना का क्रियान्वयन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के इसी कार्यकाल में किया जा सके।



विधायक अर्चना चिटनिस ने केन्द्रीय जल शक्ति सी.आर.पाटिल को ताप्ती कछार में स्थित अदभूत भूजल गर्भीय संरचना के बारे में जानकारी से अवगत कराते हुए कहा ताप्ती कछार में सतपुड़ा पर्वत की तलहटी में ताप्ती नदी तथा सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के समानांतर ''भूभ्रंश'' (फाल्ट) है। इसी भूभ्रंश से सटकर अत्यंत पाझर (परमेबल) ''बजाड़ा झोन'' (बजाडा झोन) पाया गया है। प्रकृति की इस विशेषता के कारण बरसात में स्थानीय नदी नालों का पानी अधिकांश भू-जल को पुनर्भरित करता चलता हैं। भारत सरकार के भू-जल बोर्ड ने इस आश्चर्यजनक फेनोमीनन को देखते हुए संशोधन पुस्तिका प्रकाशित कर बताया है कि ताप्ती के बरसाती बाढ़ के पानी को इस भूभ्रंश से सटकर चलाया जाए तो बड़े पैमाने पर भू-जल रिचार्ज हो सकता है ऐसा निष्कर्ष भू-जल बोर्ड द्वारा निकाला गया। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि दिसंबर 2014 में भारत सरकार ने ''टास्क फोर्स'' का गठन किया गया था। जिसने टेक्निकली फिजिबिलीटी प्रमाणित करते हुए यह निष्कर्ष निकाला कि ''मेगा रिचार्ज परियोजना ''एक लाख मिलियन लिटर्स (30 टीएमसी) पानी पुनरभरण करने वाली दुनिया की अद्वितीय परियोजना है। यह मप्र और महाराष्ट्र राज्य का संयुक्त उपक्रम है जो केला उत्पाद क्षेत्र के लिए एक वरदान साबित होगी।

# हरीरपुरा में व्यक्ति को सट्टा अंक पर्ची लिखते पकड़ा

**बुरहानपुर।** कोतवाली थाना पुलिस ने हरीरपुरा में एक व्यक्ति को सट्टा अंक पर्ची लिखते हुए पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी वसीम उर्फ भूरा पिता सलीम उल्ला 36 निवासी स्लाटर हाउस के पास हरीरपुरा के कब्जे से 10 संट्टा अंक लिखी पर्ची, एक लीड पेन, कार्बन का टुकड़ा व नगदी 1040 रूपये जब्त कर केस बनाया।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग वि./ यां. संभाग, इंदौर**
**ऑल्ड पलासिया, पी.डब्ल्यू.डी. परिसर इंदौर, 0731-2565208**

निविदा आमंत्रण सूचना क्रं. 4/व.ले.लि./वि.या/24-25 इंदौर, दिनांक 24.06.24

**:: प्रथम निविदा आमंत्रण ::**

इस संभाग कार्यालय हेतु एक नग एंव अधीनस्थ उपसंभाग धार/इंदौर/ खण्डवा के उपयोग हेतु निरीक्षण वाहन, (प्रत्येक उपसंभाग हेतु एक नग वाहन) शासकीय कार्यों में उपयोग हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1000/- (प्रत्येक वाहन हेतु) ऑनलाईन के माध्यम से मद क्र . 0059-01-800-0000 में भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। इस कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों के परीक्षण उपरान्त निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 03.07.24 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। विलम्ब से निविदा प्रपत्र प्राप्त होने पर विभाग जिम्मेदार नही रहेगा। निविदा केवल पंजीकृत डाक (ए.डी.) / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त होने की अंतिम तिथि 09.07.24 हैं। निविदा दिनांक 10.07.24 को प्रात: 11:00 बजे इच्छुक निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। अन्य सभी शर्ते कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. वि./यां. संभाग, इंदौर**

G-12401/24

आई ए पी की कांफ्रेस में देशभर से करीब 400 विशेषज्ञ शामिल

# डायबिटीज के मरीजों के पैरो को कटने से बचाना जरूरी

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

देश में प्रतिवर्ष करीब 2 लाख डायबिटीज के मरीजों के पैरो को मजबूरी में इसलिए काटना पड़ता है क्योंकि घाव नहीं भरने से वे खराब हो गए। और अगर चिकित्सक नहीं काटे तो मरीज की स्थिति और भी बिगड़ सकती है। यह बात डॉ. ए पी. एस. सूरी ने इंडियन पोलाइट्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित रीजनल कॉंफ्रेस् में मुख्य वक्ता बतौर कहीं।

डॉ. सूरी ने आगे कहा कि जो मरीज डायबिटीज टाइप 2 से पीड़ित हैं उनके लिए अधिक समस्याएँ है। डायबेटोलाजिस्ट डॉ. अनुपमा दुबे ने बताया कि जब कोई चीज डायग्नोस नहीं हो पाती है तो वह सबसे घातक है। फिजियोथेरिपिस्ट डॉ. महेश साहू ने कहा कि इंदौर में डायबिटीज के मरीजो की संख्या तेजी से बढ़ रही हैं।

डॉ. राजीव कोविल, डॉ. अरुण, डॉ. मनीष जंगम, डॉ. संतोष मूर्ति ने भी अपने अनुभव साझा किये।म. प्र. चेप्टर के अध्यक्ष डॉ. उमेश मसंद ने बताया कि खासकर के डायबीटिज के मरीजों को आँखें, किडनी और हार्ट में समस्या आती है। पैर में चोट लगने का पता भी देर से चल पाता है।



कॉंफ्रेस में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल, दिल्ली, कर्नाटक , गुजरात आदि रा'यों के करीब 400 विशेष शामिल हुए जिसमे डायबेटोलाजिस्ट से लेकर जनरल फिजिशियन, प्लास्टिक सर्जन, फिजियोथेरिपिस्ट , आर्थोपेडिक्स, इंटरवेशनल रेडियोलॉजिस्ट, थे।



## पौधारोपण कर पर्यावरण संवर्धन का दिया संदेश

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल बुरहानपुर।**

पर्यावरण मित्र द्वारा प्रतिदिन पौधारोपण कार्य प्रारंभ है। जगह जगह युवाओ,प्रबुद्धजनो और शिक्षको के जन्मदिन पर पौधारोपण किया जा रहा है। बुधवार को ग्राम बोदरली के सरपंच ईश्वराज लहासे और सहायक सचिव योगेश सूर्यवंशी ने मोहना बलड़ी पर पर्यावरण मित्र संजय राठौर के साथ पौधारोपण कर जन्मदिन पर पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया गया।

पर्यावरण मित्र संजय राठौड़ ने बताया प्रतिदिन पौधारोपण करने से हम स्वयं को और अपने आस-पास के पर्यावरण को संवर्धित करते हैं। यह हमें प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को समझाता है और साथ ही पूरे समुदाय को एक जागरूकता देता है कि हमें अपने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण में सक्रिय रहना चाहिए। इसके माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य बनाने का संदेश भी प्रस्तुत करते हैं।

सरपंच ईश्वराज लहासे ने बताया गुरुपौर्णिमा पर 201 पौधों का रोपणऔर अगस्त माह में 500 पौधों का रोपण होंगा।इसके लिए तैयारी शुरू है।इस दौरान सरपंच ईश्वराज लहासे, सहायक सचिव योगेश सूर्यवंशी, मोहन चौहाण, पर्यावरण मित्र संजय राठौड़ सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## देवी अहिल्या के 51 चित्र विवि को भेंट

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

पुण्यश्लोक प्रातः स्मरणीय देवी अहिल्या बाई होलकर के ×00वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य पर राष्ट्र संत दादू महाराज संस्थान द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। संस्थान ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सभी विभागों में लगाने हेतु माता अहिल्या बाई के 51 चित्र भेंट किए । संस्थान के मीडिया प्रभारी राम मूंदड़ा ने बताया कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह आरएनटी मार्ग पर एक समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में महामंडलेश्वर दादू महाराज संस्थान के प्रतिनिधियों ने कुलपति डॉ. रेणु जैन और कुलसचिव प्रो. अजय वर्मा को × साइज के फ्रेम चित्र भेंट किए। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में विधायक श्री गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा, बबली चौधरी, आशीष साहू, विजय अंबेकर, प्रताप तोलानी, मनोज हार्डिया सहित दादू महाराज संस्थान के प्रमुख पदाधिकारी एवं सभी विभाग के अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन महेंद्र श्रीवास्तव, अतिथि स्वागत डीएवीवी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह यादव, चंद्र शेखर व्यास ने किया वही आभार रमेश कुशवाह ने माना ।



## रीडिंग में गड़बड़ी, महिलाएं पहुंची विद्युत जोन पर

**इंदौर।** शिवाय मातृ शक्ति संगठन ने आज मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के राजेंद्र नगर जोन कार्यालय पर एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में संगठन ने मीटर रीडिंग में अनियमितताओं और कर्मचारियों के परिचय पत्रों की कमी की शिकायत दर्ज की है। संगठन की अध्यक्ष श्रीमती शिवानी अडसपूरकर ने बताया कि कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि मीटर रीडिंग के दौरान उनके घर आने वाले कर्मचारियों के पास पहचान पत्र नहीं होते हैं। मीटर रीडिंग की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए। इससे उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ेगा और अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सकेगी। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि अल्पसंख्यक समुदाय के कर्मचारी बड़ी संख्या में उनके क्षेत्र में मीटर रीडिंग करने आ रहे है । संगठन ने बोर्ड से इस मामले की गहन जांच करने और उचित कदम उठाने की अपील की है।सभी ने मिलकर इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड से इस मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य संबंधी प्रशिक्षण 4 जुलाई को

**बुरहानपुर।** भारत सरकार महारजिस्ट्रार कार्यालय दिल्ली द्वारा निर्मित नवीन ऑनलाईन सॉफ्टवेयरमें जन्म-मृत्यु पंजीयन का कार्य संपूर्ण भारत सहित मध्यप्रदेश राज्य में भी 27 मई, 2024 से प्रारंभ हो चुका है। नवीन पोर्टल में जन्म-मृत्यु पंजीयन का कार्य करने पर कठिनाईयां उत्पन्न हो रही है। कठिनाईयों का समाधान करने के उद्देश्य से जन्म-मृत्यु पंजीयन संबंधी कार्य हेतु संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में 4 जुलाईको प्रातः 11 बजे से प्रशिक्षण आयोजित है।

## भावसार समाज के विद्यार्थियों का सम्मान

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**

इंदौर। श्री भावसार समाज, इंदौर की साधारण सभा संपन्न में दौरान समाज के कक्षा 10 वी एवं 12 वी में 75 प्रतिशत से अधिक अंको से उत्तीर्ण 25 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में खेल, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अपने परिवार एवं समाज का नाम गौरवांवित करने वाले समाज के तीन युवाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष एवं भावसार समाज, अध्यक्ष विपिन भावसार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। अध्यक्षता समाज के संरक्षक दाउलाल भावसार ने की। विशेषअतिथि के रूप में समाज संरक्षक अनिल भावसार उपस्थित थे। कार्यक्रम मे भावसार यंग सोशल ग्रुप के अध्यक्ष देवेन्द्र भावसार, भावसार समाज महिला मंडल की अध्यक्षा स्वाति धारे भी अतिथि के रूप में




उपस्थित थीं। आभार समाज कार्यवाहक सचिव प्रमोद भावसार ने माना।

## नहीं बदलेगा गंगवाल बस स्टैंड का नाम

**राष्ट्रीय हिन्दी मेल इंदौर।**



देशभक्ति जागरण समिति का प्रतिनिधिमंडल देशभक्त, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. मिश्रीलाल गंगवाल के नाम से विख्यात बस स्टैंड पर गंगवाल की मूर्ति स्थापित करने में हो रहे विलंब को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मिलने गया। समिति के सदस्यों जानकीलाल पटेरिया, खड़बड़ीकर के साथ अध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रीलाल गंगवाल के महापौर से कहा कि जब मूर्ति स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव एम.आई. सी. की अप्रैल 24 की बैठक में पारित हो गया है। फिर भी इसमें होने वाले विलंब का क्या कारण है ? जानना चाहा। महापौर ने कहा कि गंगवाल बस स्टैंड परिसर स्थांतरित होगा। किन्तु नाम नहीं बदला जाएगा। और नवीन बस स्टैंड परिसर में श्रद्धेय गंगवाल जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी।

## श्रावक-श्राविकाओं ने लिया प्रवचनों का लाभ



**इन्दौर।** जीवन में अगर हमें प्रभु का बनना है तो हमें जीवन जीने के प्रभु के बताए मार्ग को अपनाना होगा तभी हमें प्रभु स्वीकार करेंगे। संसार दावानल है तो प्रभु उपवन हैं। उक्त विचार रेसकोर्स रोड़ स्थित श्री श्वेताम्बर जैन तपाग'छ उपाश्रय श्रीसंघ में पांच दिवसीय प्रवचनों की अमृत श्रृंखला के द्वितीय दिवस पर आचार्य विजय कुलबोधि सुरीश्वर जी मसा के अज्ञानुवर्ती शिष्य ज्ञानबोधि जी मसा ने सभी श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। श्री नीलवर्णा पार्श्वनाथ मूर्तिपूजक ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति संयोजक कल्पक गांधी एवं अध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि रेसकोर्स रोड़ स्थित श्री श्वेताम्बर जैन तपाग'छ उपाश्रय श्रीसंघ ट्रस्ट द्वारा आयोजित 5 दिवसीय प्रवचनों की श्रृंखला का दौर चलेगा। जिसमें आचार्यश्री 28 जून तक नई दिशा व नई दृष्टि विषय पर तक प्रवचनों की वर्षा करेंगे।

# प्रथम पेज के खबरों के शेष

### ओम बिरला ..

## स्पीकर बिरला बोले - पक्ष और विपक्ष मिलकर सदन चलता है

इससे पहले सोमवार को जब प्रधान सांसद पद की शपथ लेने गए थे, तब भी विपक्ष के सांसदों ने NEET-NEET, शेम-शेम के नारे लगाए थे। हमारी युवा पीढ़ी संविधान को जाने, संविधान को समझे। मेरी कोशिश रहेगी कि मैं सभी सदस्यों को पर्याप्त समय दूं। सभी पक्षों के विचार यहां आनी चाहिए। हम अलग-अलग विचारधारा से चुनकर आते हैं, लेकिन देश सबसे पहले हैं। जिन मुद्दों पर असहमति होगी, आप उसे व्यक्त करेंगे। आप चर्चा में सुझाव भी देंगे। पक्ष और विपक्ष मिलकर सदन चलता है।

मेरी कोशिश रहेगी कि सबसे मिलकर सदन चलाऊं। किसी दल का एक सदस्य भी हो, तो उसे मौका दूं। क्योंकि वह भी चुनकर आए हैं। मेरी अपेक्षा रहेगी कि आप सब निर्वाध रूप से सदन चलाएंगे।

सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा- उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज नहीं दबाई जाएगी। न ही निष्कासन जैसी कार्रवाई की जाएगी। आपका अंकुश विपक्ष पर तो रहता है, सत्ता पर भी रहे। आपके इशारे पर सदन चलता है, इसका उल्टा न हो।

### राहुल गांधी...

## सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने आरोप लगाया

उनकी ओर से उनके वकील काशी शुक्ला हाजिरी माफी की अर्जी दे रहे हैं। कोर्ट में राहुल के बयान दर्ज होने हैं।

2018 में जब राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ बयान दिया था, उस वक्त शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे।

2018 में जब राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ बयान दिया था, उस वक्त शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे।

राहुल ने कहा था- भाजपा का अध्यक्ष हत्या का आरोपी है सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने आरोप लगाया था कि 8 मई 2018 को बेंगलुरु में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उन्होंने कहा था- अमित शाह हत्या के आरोपी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जज लोया मामले में इसका उल्लेख किया। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अमित शाह की कोई विश्वसनीयता है। जो पार्टी ईमानदारी और शुचिता की बात करती है, उसका अध्यक्ष हत्या का आरोपी है।

बता दें कि जस्टिस लोया के बेटे ने अपने पिता की मौत को नेचुरल बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे सामान्य मौत बताते हुए मामले की स्ढ्ड्ढ जांच से जुड़ी याचिका खारिज कर दी थी। जस्टिस बृजमोहन हरकिशन लोया की मौत दिसंबर 2014 में नागपुर में हुई थी। उस वक ?त वह अपने एक साथी की बेटी की शादी में गए थे। जज लोया गुजरात के बहुचर्चित सोहराबुद्दीन शेख एनकाउंटर मामले की सुनवाई कर रहे थे। इसमें अमित शाह आरोपी थे।

### शहडोल कलेक्टर..

## लगातार निर्देशों के बाद भी नहीं समझे रहे थे लापरवाह

उदासीनता बरती गई है। **आदेश की करते रहे अनदेखी-** कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लगातार निर्देशों के बावजूद भी नक्शा तरमीम की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा अपने पदीय दायित्वों में घोर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की गई है। आपका यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के निपयम 3 में वर्णित प्रावधानों के प्रतिकूल है एवं कदाचरण की श्रेणी में आता है।

तीन दिन की मोहलत

कलेक्टर ने जारी कारण बताओ नोटिस में कहा है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के अन्दर आप अपना जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जवाब सन्तोषजनक न होने की दशा में आपके विरुद्ध मप्र, सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### सीएम का ऐलान..

## जल शक्ति मंत्री से नदी जोड़ो परियोजनाओं पर की चर्चा

ताम्र पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि टोल नाकों पर टैक्स की छूट प्रदान होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मीसाबंदियों के आयुष्मान कार्ड पर इलाज पर हुए व्यय के भुगतान पर विलंब नहीं होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को दिल्ली प्रवास के दौरान बुधवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और राज्यमंत्री वी सोमन्ना और राज भूषण चौधरी से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली में मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश से जुड़ी दो महत्वपूर्ण और बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओ, प्रदेश से संबंधित सिंचाई परियोजनाओं और जल संरक्षण कार्यक्रमों पर सकारात्मक चर्चा की। को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उत्तरप्रदेश के साथ केन-बेतवा परियाजना और राजस्थान के साथ ही पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी परियोजना की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की और उनकी वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पार्टिल से दोनों परियोजनाओं को लेकर बताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड के 10 से 15 जिलों को पेयजल और सिंचाई में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही पानी की दरकार वाला क्षेत्र है। इसमें सरकार गंभीरता से आगे बढ़ी है। बहुत जल्द इसके नतीजे मिलने लगेंगे।



### जल्द होगा भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उनको केन-बेतवा प्रोजेक्ट के भूमिपूजन के लिए निमंत्रण दिया है। उन्होंने सैद्धांतिक स्वीकृति भी दी है। उन्होंने बताया कि आने वाले एक या दो माह में तारीख निश्चित कर भूमिपूजन कर दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि हमारा एक ओर प्रोजेक्ट जो पश्चिम मध्यप्रदेश के लिए बहुत काम का है। जिसमें राजस्थान के साथ हमारा टाइअप हुआ है। पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना पीकेसी योजना के माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय से प्रस्ताव है। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ 2028 के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग का अनुरोध भी किया।

## नेनो बीफ्र

### 11 माह की बच्ची टब में औंधे मुंह गिरी

इंदौर। राऊ में रहने वाली 11 माह की एक बच्ची की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि बच्ची की मां उसे नहालने के बाद टब के पास छोड़ गई थी। 5 मिनट बाद जब टॉवेल लेकर आई तो बच्ची टब में औंधे मुंह गिरी पड़ी थी।

पुलिस के मुताबिक बच्ची का नाम जोई उम्र 11 माह है। पिता संदीप जोगेश्वर ने बताया कि उनकी पत्नी ने बेटी को नहलाया था। वह टॉवेल पास में रखना भूल गई थी। वह नहलाने के बाद टॉवेल लेने गई तो बेटी इधर-उधर घूमने लगी। उसका संतुलन बिगड़ा और वह टब में औंधे मुंह गिर गई। इससे नाक के जरिए फेफड़ों में पानी भरा गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

### एसीपी की कोर्ट से फर्जी जमानत कराने वाले पकड़ाए

**दो आरोपियों ने एक दर्जन बदमाशों की जमानत करा दी, पूछताछ जारी**

इंदौर। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने जोन 3 में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमानत कराने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। दोनों ने करीब एक दर्जन लोगों की फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमानत कराई है।

छोटी ग्वालटोली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने न्यायालय विशेष कार्यपालिक दण्डाधिकारी पुलिस उपायुक्त जोन 3 के आदेश पर सुरेश पुत्र रामचन्द्र निवासी 39 परदेशीपुरा गली नंबर 10 के नाम की जमानत दारी पेश करने के मामले में 420, 467, 468, 471 का केस दर्ज किया है।

इस मामले में पुलिस ने कमलेश बैरवा और आनंद को पकड़ा है। दोनों पुलिस कोर्ट में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके जमानत करवा रहे थे। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### फायनेंस कंपनी के डायरेक्टर पर छेड़छाड़ का केस

**सैलरी मांगी तो अश्लील हरकत की, जान से मारने की धमकी दी, केस दर्ज**

इंदौर। विजयनगर में फाइनेंस कंपनी में कर्मचारी रही युवती ने डायरेक्टर पर मारपीट और धमकाने का केस दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि ऑफिस बंद होने पर डायरेक्टर ने अश्लील हरकत की। विरोध किया तो मारपीट करते हुए धमकी दी।

विजयनगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 29 साल की युवती की शिकायत पर तपन उर्फ तवन द्विवेदी पर छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। युवती ने बताया कि वह ड्ड फायनेंस कंपनी में काम करती थी। जो कृष्णा बिजनेस सेंटर विजयनगर में है। 11 अप्रैल 2024 को शाम तक आफिस में ही रही। 7 बजे कर्मचारियों के जाने के बाद तपन से सैलरी मांगी। उन्होंने सैलरी देने से इनकार कर दिया। वह गुस्सा हो गए और कहा कि भीख लेने आई हो क्या? इसके बाद एक रेस्टोरेंट का नाम लेकर कहा कि वहां जाकर खाना खा ले। रुपए वह दे देगें। तुम मेरे यहां फ्री में काम करो। तुम्हें सैलरी नहीं दूंगा। गलत तरीके से टच किया, थप्पड़ मार दिया। हाथ मरोड़कर मोबाइल छीनने की कोशिश की। कहा दूसरी जगह नौकरी की तो जूते से मारुंगा। बड़ी मुश्किल से छूटने का प्रयास किया तो तपन ने कहा विजयनगर चौराहे पर गाड़ी चढ़वाकर जान से खत्म करवा देगा। इसके बाद कई बार अश्लील तरीके से छूने की कोशिश की। पीड़िता ने बताया कि उस दिन के बाद नौकरी छोड़ दी। लेकिन अभी तक उसने रुपए नहीं दिए।

-------- चेन्नई से 15 ट्रकों में आएगी पौधों की पहली खेप --------

# 51 लाख पौधारोपण की तैयारियां जारी, गृहमंत्री शाह होंगे शामिल

राष्ट्रीय हिंदी मेल इंदौर।

**इंदौर। 51 लाख पौधा रोपण के लिए तैयारियां जोरो पर है। आसपास के शहरों में पौधे नहीं मिलने के चलते चेन्नई, राजमुंदरी और कई अन्य शहरों से बड़े पैमाने पर पौधे बुलवाए गए हैं, जो कल इन्दौर लाए जाएंगे। करीब पौने दो लाख पौधे 15 ट्रकों में लाने के बाद उनकी समुचित देखभाल भी की जाएगी।**



नगर निगम, जिला प्रशासन सहित अन्य विभागों की टीमें खाली स्थानों, पहाड़ियों और नदी के आसपास के इलाकों को चिन्हित करने में जुटी है। इन्दौर में 7 जुलाई से इस अभियान की शुरुआत करने की तैयारी है। गृहमंत्री अमित शाह भी पौधारोपण प्रोग्राम में शामिल हो सकते है। उनसे समय मांगा गया है। उन्हें 14 जुलाई को होने वाले रिकॉर्ड पौधा रोपण में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कहना है कि उन्होंने 7 जुलाई का टाईम दिया है। हम चाहते हैं कि वो 14 जुलाई वाले रिकॉर्ड पौधा रोपण प्रोग्राम में हिस्सा है।

### विभिन्न नर्सरी में रखे जाएंगे पौधे, कर्मचारी की ड्यूटी लगेगी

दक्षिण भारत के कई शहरों से बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे मंगाए गए हैं। उद्यान और जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर के मुताबिक चेन्नई से 15 ट्रकों में करीब पौने दो लाख पौधे मंगवाए गए हैं, जो कल शाम तक इन्दौर लाए जाएंगे। इन्हें विभिन्न नर्सरी और सुरक्षित स्थानों पर रखवाया जाएगा ताकि वे जीवित अवस्था में रहे। देखभाल के लिए उद्यान विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

### 57 प्रकार की प्रजातियों के पौधे बुलवाए

करीब 57 प्रकार की प्रजातियों के पौधे विभिन्न सामाजिक संगठनों की मदद से बुलवाए गए हैं। इनमें अमलतास, पलाश, जकरंडा, तेबुबिया, कचनार, चक्रेसिया, काला पीपल, बरगद, नीम, अर्जुन, काऊ, गुलमोहर, मोलश्री, केसुरिना, कटल, जामुन, बादाम, अशोक सहित कई प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। कल पहली खेप आने के बाद लगातार कई शहरों से ट्रकों में पौधे लाए जाएंगे।

## प्रेमिका को दूसरी मंजिल से धक्का देकर फेंका

**दूसरी लड़की से सगाई से नाराज होकर मिलने गई थी, प्रेमी के माता-पिता से भी विवाद हुआ**

इंदौर। प्रेमी ने प्रेमिका को दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। घायल प्रेमिका के बयान के बाद पलासिया पुलिस ने प्रेमी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। प्रेमिका ने पुलिस को बताया कि उसके प्रेमी ने दूसरी लड़की से सगाई कर ली। वह इस बात से नाराज थी। जब वह प्रेमी से मिलने पहुंची तो उसने धक्का दे दिया। पलासिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रीना चौहान निवासी आजाद नगर की शिकायत पर पुलिस ने अमन वर्मा निवासी मनभावन नगर पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक घटना 20 जून की है। रीना ने अस्पताल में पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह ब्यूटी पार्लर में काम करती है। दो साल पहले इंस्टाग्राम से अमन से पहचान हुई थी। दोनों मिलने-जुलने लगे। दोनों घूमने भी जाते थे। अमन ने शादी की बात की थी। लेकिन अप्रैल के पहले सप्ताह में 2024 में उसने दूसरी लड़की से सगाई कर ली। इस बात की जानकारी 14 अप्रैल 2024 को लगी। इसके बाद मैंने फोन पर उससे नाराजी जताई। तो अमन विवाद करने लगा। 20 जून की सुबह फोन पर फिर से झगड़ा हुआ। अमन ने कहा कि घर आकर मा-पिता से बात कर लो। तब उसके घर पहुंची। उसके माता-पिता घर पर ही थे। मैंने उनसे कहा कि अमन ने शादी का वादा किया था, लेकिन अब किसी और से सगाई कर रहा है। इस बात को लेकर हमारे बीच विवाद हो गया। यह सुनकर दूसरे लोग भी वहां पहुंचे। इस पर अमन की मां ने कहा कि दूसरी मंजिल पर चलकर बात करते हैं।ऊपरी मंजिल पर पहुंचे तो यहां फिर बहस होने लगी। यहां पर अमन ने मुझे धक्का देकर नीचे गिरा दिया।

## इंदौर में अगरबत्ती कंपनी के मालिक सहित दो पर केस

**जिस कंपनी के साथ फर्म बनाकर काम शुरू किया उससे माल लेकर रुपए ही नहीं दिए**

इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने एक कंपनी के संचालक की शिकायत पर दूसरी कंपनी के संचालक सहित दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक राधेश्याम काबरा, निवासी द रेसीडेंसी बिचौली मर्दाना की शिकायत पर प्रवीण भाई पटेल, महक, निवासी स्नेह नगर इल्वा स्कूल के पास के खिलाफ केस दर्ज कराया है। काबरा इंटरनेशल के नाम से कंपनी संचालित करने वाले राधेश्याम ने बताया कि वह सांवेर रोड़ पर अगरबत्ती को परफ्यूम डिप करने का काम करते हैं। इसके बाद मार्केटिंग कर बेचते हैं। उनके सामने द्वारका अगरबत्ती एंड कंपनी है। जो कच्ची अगरबत्ती बनाते हैं। आमने-सामने काम होने से माल का लेनदेन शुरू हुआ था। जिसमें कच्चा माल लेकर उन्हें कुछ माल दिया जाता था। उनके साथ एक फर्म बनाकर काम शुरू किया गया। जिसमें रुपए का लेनदेन हुआ। लेकिन उन्होंने समझौते के तहत रूपए नहीं दिए। जिसमें जूनी इंदौर पुलिस को शिकायत की गई। जांच बाणगंगा पुलिस के पास पहुंची। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## इंदौर में दिल्ली के चार बदमाश पकड़ाए

*5 पिस्टल और 2 कारतूस मिले, क्राइम ब्रांच कर रही पूछताछ*

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने दिल्ली के चार बदमाशों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 5 देसी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस मिले हैं। आरोपियों से अभी पूछताछ की जा रही है।**



क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने साबिर पुत्र यासीन निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली वेस्ट, नवीन उर्फ तरुण पुत्र रघुवीर सिंह, विकास उर्फ विक्कू पुत्र राजकुमार टांक और संजीव कुमार उर्फ सचिन पुत्र प्रदीप शर्मा को सरवटे बस स्टैंड इलाके से पकड़ा है। आरोपियों के पास से 5 देसी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस मिले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम अभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### खरगोन, खंडवा के सिकलीगर से लाते थे हथियार

क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी खरगोन और खंडवा के सिकलीगरों से अवैध पिस्टल और कट्?टे लेते थे। इन्हें दिल्ली और पंजाब के बदमाशों को सप्लाई करते थे। वह पहले भी इंदौर आकर होटल में ठहरे और हथियार लेकर चले गए। इस बार क्राइम ब्रांच के रडार पर आ गए। इसके बाद उन्हें सरवटे की होटल से दबोच लिया।

### तीसरी बार नही लगी ग्वालटोली पुलिस को जानकारी

छोटी ग्वालटोली इलाके में घुसकर क्राइम ब्रांच ने तीसरी बार कार्रवाई की है। इसके पहले दो बार यहां से होटल से विश्नोई गैंग के शूटरों के साथ अन्य सिकलीगर बदमाश पकड़ाए जा चुके हैं। लेकिन स्थानीय पुलिस को मामले में तीनों मामले में भनक तक नहीं लगी। जबकि खुफिया के सिपाही दिनभर इलाके में होटल पर चैकिंग करते रहते हैं। क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक अभी आरोपियों की अन्य गैंग के बारे में जानकारी निकाली जा रही है।

## महापौर ने किया वार्ड 76 का निरीक्षण

**रहवासियों ने बताई अपनी समस्याएं, अफसरों को दिए निर्देश**

**इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बुधवार सुबह जोन 19 के वार्ड 76 का दौरा किया। उन्होंने कालिंदी के सामने ऊनो बिजनेस पार्क रोड पर सफाई का निरीक्षण किया। संघवी रेसीडेंसी और श्याम हाइट में बने वाटर रिचार्ज का निरीक्षण किया और रहवासियों से चर्चा की। श्रीजी वैली कॉलोनी में बन रहे उद्यान का निरीक्षण किया।**



संपत हिल्स कॉलोनी में समस्या के संबंध में रहवासियों से चर्चा की। बिचौली मर्दाना तालाब से नोबल हॉस्पिटल तक की सड़क और स्ट्रीट लाइट का निरीक्षण किया। बिचौली मर्दाना तालाब का निरीक्षण किया। एम्पायर स्टेट के रहवासियों से जन समस्या पर चर्चा कर समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बायपास पर स्ट्रीट लाइट और अतिक्रमण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। बायपास की स्टार्म वाटर लाइन सफाई के लिए उन्होंने संबंधित को निर्देश दिए हैं। दौरे के दौरान राऊ महापौर प्रतिनिधि अंशुमन चौहान, वार्ड अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, भाजपा नेता राजेश वानखेड़े, ठाकुर सिंह आंवलिया, रजत शर्मा सहित नगर निगम अपर आयुक्त मनोज पाठक, जेडओ वैभव देवलासे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शादीशुदा महिला को शादी का झांसा देकर रेप

**इंदौर। द्वारकापुरी पुलिस ने शादीशुदा महिला की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। आरोपी ने महिला को तीन साल तक अपने साथ लिव इन में रखा और शादी के नाम पर रेप करता रहा। बाद में वह दूसरी महिला के साथ चला गया। पीड़िता ने थाने आकर मामले में केस दर्ज कराया है।**

द्वारकापुरी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 28 साल की महिला की शिकायत पर पुलिस ने सोहन पुत्र राजेश हिरवे निवासी शांतिनाथ पुरी पर केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि 2009 में उसकी शादी हुई। जो करीब चार से पांच साल तक रही। 2010 में बेटे का जन्म हुआ। जिसकी एक माह बाद मौत हो गई। इसके बाद पति को तलाक दिए बगैर ससुराल से लौट आई और मां के पास रहने लगी। इस बीच सोहन हिरवे से पहचान हो गई। हमारी दोस्ती बढ़ी और अक्टूबर 2020 में सोहन अपने घर ले गया। तब उसके घर पर कोई नहीं था। यहां सोहन ने उससे संबंध बनाए। सोहन ने कहा कि वह उससे शादी करेगा। चार माह तक सोहन के साथ पति-पत्नी जैसे साथ रहे। सोहन से शादी की बात करती तो वह टाल देता। इसके बाद खजराना इलाके में कमरा लेकर करीब ढाई साल तक दोनों साथ रहे। दो माह पहले द्वारकापुरी इलाके में रहने आ गई। करीब 15 दिन से सोहन जब घर नहीं आया तो महिला उसके घर पहुंची। यहां मुझे पता चला कि वह किसी और महिला के साथ किराए के कमरे में रहता है।

**शिक्षकों के लिए कई गतिविधियां एवं चर्चाओं का आयोजन**

# एनसीईडी-इंडिया 2024 का वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्रारंभ

राष्ट्रीय हिन्दी मेल इन्दौर।

इंदौर के अरविंदो हॉस्पिटल में एनसीईडी-इंडिया 2024 का वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्रारंभ हुआ। इस सम्मेलन में 28 जून 2024 तक कई रिसर्च पेपर का प्रस्तुतिकरण होगा। इसी के साथ विशेष शिक्षकों के लिए कई गतिविधियां एवं चर्चाओं का आयोजन भी हो रहा है। एनसीईडी विशेष शिक्षकों, शिक्षक प्रशिक्षकों और संबद्ध सदस्यों का एक राष्ट्रीय स्तर का संघ है जो श्रवण बाधित बच्चों की शिक्षा की बेहतरी के लिए काम कर रहा है। एमपी चैप्टर द्वारा पहली बार आयोजित होने वाला इस सम्मेलन का विषय बधिर दिव्यांगजनों के लिए भाषा, साक्षरता, नीतियों पर वैश्विक से स्थानीय परिप्रेक्ष्य है।





एनसीईडी सम्मेलन का शुभारंभ अरविंदो मेडिकल कॉलेज के डॉ. विनोद भंडारी ने किया। इन्होंने सम्मेलन के लिए अपनी शुभकामना दी और सम्मेलन में आए विशेषज्ञों से अरविंदो हॉस्पिटल में चलाए जा रहे ऑडियोलॉजी स्पीच कोर्सेस के लिए सुझाव देने का भी आग्रह किया। श्रीमती शारदा मंडलोई अध्यक्ष अखिल भारतीय महिला सभा ने सम्मेलन में आए सहभागियों को शुभकामनाएं दी और विशेष शिक्षा में इसी तरह मध्यप्रदेश आगे बढने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्थापक डॉ. उषा पंजाबी इंदौर डेफ बॉईलिंगुअल एकेडमी द्वारा भारतीय सांकेतिक भाषा का श्रवण बाधित बालकों की शिक्षा में महत्व पर जोर दिया। संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती सुचिता तिर्की ने विशेष शिक्षकों के श्रवण बाधित बालकों के योगदान में अहम भूमिका पर भी जोर दिया। श्री कमलाकांत पांडे जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सक्षम ने भारत सरकार के समाजिक न्याय मंत्रालय और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्यों के बारे में बताया। अध्यक्ष एनसीईडी इंडिया श्रीमती सुभदा बर्डे ने सम्मेलन के लिए शुभकामना दी और एनसीईडी इंडिया और एम पी चेप्टर के सदस्यों के योगदान को भी सराहा। श्री सुनील सिंह तोमर सचिव एम पी चेप्टर द्वारा सभी का स्वागत किया गया एवं श्रीमती मोनिका पंजाबी वर्मा अध्यक्ष एम पी चेप्टर द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस सम्मेलन में 28 जून 2024 तक कई रिसर्च पेपर का प्रस्तुतिकरण होने रहा है। इसी के साथ विशेष शिक्षकों के लिए कई गतिविधियां एवं चर्चाओं का आयोजन भी हो रहा है। एनसीईडी विशेष शिक्षकों, शिक्षक प्रशिक्षकों और संबद्ध सदस्यों का एक राष्ट्रीय स्तर का संघ है जो श्रवण बाधित बच्चों की शिक्षा की बेहतरी के लिए काम कर रहा है। एमपी चैप्टर द्वारा पहली बार आयोजित होने वाला इस सम्मेलन का विषय बधिर दिव्यांगजनों के लिए भाषा, साक्षरता, नीतियों पर वैश्विक से स्थानीय परिप्रेक्ष्य है। एनसीईडी सम्मेलन में श्रवण बाधित बच्चों के विशेष शिक्षकों और पुनर्वास पेशेवरों की अधिकतम और सक्रिय भागीदारी होती है। भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित इस अंतरराष्ट्रीय सीआरई सम्मेलन की मेजबानी इस बार एमपी चैप्टर इंदौर में कर रहा है। बधिरों के शिक्षकों का वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीईडी-इंडिया) श्रवण बाधित बच्चों की शिक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में हमारे देश में आयोजित सबसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक सम्मेलनों में से एक है। यह बधिर और संबद्ध पेशेवरों के सभी शिक्षकों के लिए एक साझा मंच के तहत मिलने और अपने अनुभव और विशेषज्ञता, विचार और समाचार साझा करने का एक अनूठा अवसर है। एनसीईडी-इंडिया 2024 का वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन वास्तव में एक यादगार कार्यक्रम बनने वाला है। इस सम्मलेन में देश-विदेश से 100 से अधिक श्रवण बाधित बच्चों के विशेष शिक्षक, विशेषज्ञ एवं पुनर्वास पेशेवर भाग ले रहे है। एनसीईडी एम पी चैप्टर इस अवसर पर 28 जून 2024 को एक स्मारिका भी प्रकाशित कर रहा है।

स्वामी विजय कुमार दास के लिए प्रकाशक, मुद्रक पृथ्विजय कुमार दास के द्वारा मेसर्स डीबी कार्प लिमिटेड के लिए 44-45/ए,59-51/ए सेक्टर एफ इंडस्ट्रियल एरिया सांवेर रोड, इंदौर से मुद्रित, 197 सांईकृपा कॉलोनी, (बाम्बे हॉस्पिटल के समीप), इंदौर से प्रकाशित
संपादक - पृथ्वीजय कुमार दास ( मो. 9971085589 ) *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। *समूह संपादक विजय कुमार दास (मो. 9617565371) RNI. No. : MPHIN/2003/13302
सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा। संपादकीय कार्यालय: ईसी-5 स्कीम नम्बर 94, उत्तमभोग के पास, इंदौर (07314678868) समाचार संपादक-अरुण हार्डिया ( 9424540114 ) e-mail: lifeindiamedia@gmail.com, rhmindore22@gmail.com